●वर्ष : 16 ●अंक : 141 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 09 सितम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### पालघर में 58 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी

**महाराष्ट्र।** के पालघर जिले में 58 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक दंपति और उनके परिवार के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान गजानन गणपत दवने के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने दवने को शुक्रवार शाम कथित तौर पर लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। घोलवड पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मृतक और आरोपियों के परिवार के बीच तलासरी इलाके में उनके घर के पास एक संपर्क मार्ग को लेकर लंबे समय से विवाद है, जिसे लेकर शुक्रवार को दोनों पक्षों में एक बार फिर झगड़ा हुआ। अधिकारी के मुताबिक, आरोपियों ने दवने की कथित तौर पर पिटाई की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि दवने के बेटे ने उसे उमरगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को उसके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मुंबई में इमारत के एक हिस्से में लगी आग, कोई घायल नहीं

**मुंबई।** के पूर्वी कुर्ला इलाके में स्थित 16 मंजिला एक आवासीय इमारत के विद्युत वाहिका (डक्ट) में शनिवार दोपहर मामूली आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है और आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। नगर निगम की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि नेहरू नगर स्थित सवेरा हाइट्स की चौथी मंजिल पर विद्युत वाहिका में अपराह्न करीब ढाई बजे आग लगी थी। इसमें बताया गया कि सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। विज्ञप्ति में बताया गया कि आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव का प्लान

## कांग्रेस और आप गठबंधन से नहीं पड़ेगा फर्क!

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान अखिलेश यादव ने कांग्रेस से मिले अपमान का जो कड़वा घूंट पीया, वह लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के लिए खास तौर पर स्वास्थ्यवर्धक रहा और वह 37 सीटें जीत गई। छह सीटों के साथ कांग्रेस को भी संजीवनी मिली। आगे बढ़ने के लिए उसे अभी और सहारे की आवश्यकता है, लेकिन गठबंधन बनाए रखने की अधिक लालसा अब समाजवादी पार्टी में दिखाई दे रही है।

**›› अखिलेश का समझौतावादी रुख**

यह अखिलेश यादव की सपा को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने की आकांक्षा ही है कि वह हरियाणा में कांग्रेस से सीटें मांग रहे हैं। संकेत मिल रहे हैं कि कांग्रेस एक से अधिक सीटें देने की इच्छुक नहीं है। इसके बावजूद अखिलेश ने समझौतावादी रुख अपनाकर स्पष्ट



कर दिया है कि कांग्रेस नजरें फेर ले तो भी वह उसका 'हाथ' 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव तक तो नहीं ही झटकेंगे।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का जहर अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दशार्ता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## कांग्रेस छोड़ दो, वरना..., पहलवान बजरंग पूनिया को मिली जान से मारने की धमकी



नूना न्यूज एजेंसी

**सोनीपत।** हाल ही में किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन बने बजरंग पूनिया को विदेशी नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। मामले की शिकायत बजरंग ने बहालगढ़ थाना पुलिस को दी है। बजरंग ने शिकायत में कहा कि उन्हें वॉट्सऐप एक धमकी भरा संदेश मिला है, जिसमें लिखा है, "बजरंग कांग्रेस छोड़ दो वरना तेरे और तेरे परिवार के लिए ये अच्छा नही होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है. चुनाव से पहले हम दिखा देंगे हम क्या चीज हैं। जहां शिकायत करनी है कर लो, ये हमारी पहली और आखिरी चेतावनी है। थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायत पर जांच की जा रही है।

## झारखंड में आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान वोट के लिए आयोजित किया गया: शिवराज

नूना न्यूज एजेंसी

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर वोट के लिए आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान चलाने का आरोप लगाया, जिसमें 12 लोगों की जान चली गई। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के झारखंड चुनाव प्रभारी चौहान इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को रांची पहुंचे थे। केंद्र सरकार में कृषि मंत्री के तौर पर कार्य कर रहे चौहान ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मुख्यमंत्री ने युवाओं को 10 किलोमीटर तक दौड़ाया। इससे 12 युवाओं की मौत हो गई। 10 किलोमीटर की दौड़ कहीं नहीं हुई। चौहान ने कहा कि प्रदेश में आसन्न चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पांच लाख नौकरियों का वादा किया और वह यह जानते हैं कि वह इसे कभी पूरा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, उचित व्यवस्था के बिना, हेमंत सोरेन सरकार ने वोट के लालच में युवाओं को गुमराह करने की साजिश रची, जिसने कई युवाओं की जान ले ली। चौहान ने आरोप लगाया कि सोरेन यह जानते थे कि इस समय भर्ती नहीं हो सकती, चाहे कितने भी साक्षात्कार क्यों न हो जायें। उन्होंने आरोप लगाया, यह महज दुर्घटना नहीं है, बल्कि वोट के लालच में की गई हत्याएं हैं, जिसके लिए झारखंड के युवा सरकार को कभी माफ नहीं करेंगे। हालांकि, सत्तारूढ़ झामुमो ने आरोप लगाया कि 2016 में भाजपा शासन में मूल्यांकन नियम में संशोधन किया गया था। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड आबकारी कांस्टेबल संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2013 में एक उम्मीदवार को छह मिनट में 1.6 किलोमीटर या एक मील दौड़ने का प्रावधान था। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को शुरू हुए झारखंड आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान के लिए शारीरिक परीक्षण के दौरान 12 उम्मीदवारों की मौत के बाद इसे रोक दिया गया था।

## भाजपा ने छठी सूची जारी की, 10 उम्मीदवारों के नाम शामिल



नूना न्यूज एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें उधमपुर पूर्व सीट से आर एस पठानिया और बांदीपुरा सीट से नसीर अहमद लोन को मैदान में उतारा गया है। जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरण के चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होंगे। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। भाजपा की उम्मीदवारों की छठी सूची के अनुसार, फकीर मोहम्मद खान, गुरेज (अनुसूचित जनजाति) सीट से, अब्दुल रशीद खान सोनावारी से और गुलाम मोहम्मद मीर हंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। भारत भूषण कठुआ से, राजीव भगत बिश्नाह सीट से और सुरिंदर भगत मढ़ सीट से चुनाव लड़ेंगे। ये तीनों विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। भाजपा ने विक्रम रंधावा को बाहु विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

## दिल्ली : कपड़ा फैक्टरी में आग, दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं



नूना न्यूज एजेंसी

**पश्चिम दिल्ली।** के बकावाला इलाके में एक कपड़ा फैक्टरी में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने कहा, हमें सुबह 6.55 बजे फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की कम से कम 26 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग की लपटों पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं।

## जुलाना में विनेश फोगाट ने शुरू किया चुनाव प्रचार, लगा पाएंगी जीत का दांव?

नूना न्यूज एजेंसी

**हरियाणा।** की जुलाना विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने विनेश फोगाट को अपना उम्मीदवार बनाकर बड़ा दांव चला है। विनेश के नाम की घोषणा के साथ ही इस सीट पर मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। एक तरफ भाजपा इस कदम की काट खोजने में जुट गई है। वहीं, बिना समय गंवाए विनेश ने अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। रविवार को वह जुलाना पहुंचीं और लोगों से अपने समर्थन में वोट मांगे। विनेश ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 'आपका विश्वास, मेरा संकल्प। साथ चलेंगे, आगे बढ़ेंगे।' उन्होंने आगे लिखा, 'आज जुलाना विधानसभा में आप सभी से मिलकर दिल को सुकून मिला। आपका जो प्यार और आशीर्वाद मिला, वह मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत है। मैं वादा करती हूँ कि आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगी और हमेशा आपकी सेवा



में समर्पित रहूंगी। हमारे हल्के का विकास और आपकी भलाई मेरी प्राथमिकता रहेगी। चलिए, एक साथ मिलकर एक नई शुरूआत करते हैं।'

**›› आपका विश्वास, मेरा संकल्प। साथ चलेंगे, आगे बढ़ेंगे।**

आज जुलाना विधानसभा में आप सभी से मिलकर दिल को सुकून मिला। आपका जो प्यार और आशीर्वाद मिला, वह मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत है। मैं वादा करती हूँ कि आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगी और हमेशा आपकी सेवा में समर्पित रहूंगी।

**›› बृजभूषण शरण सिंह के आरोपों पर विनेश फोगाट ने दिया जवाब**

प्रचार अभियान के दौरान विनेश ने पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह के आरोपों पर जोरदार पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बृजभूषण जैसे लोग कोई मायने नहीं रखते। विनेश ने कहा, 'बृजभूषण देश नहीं हैं, मेरा देश मेरे साथ खड़ा है। मेरे अपने मेरे साथ हैं।' बता दें, बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा था कि बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट नायक नहीं, खलनायक है हरियाणा के, खासकर खिलाड़ियों के। उन्होंने आगे कहा कि बजरंग पूनिया की क्या हैसियत है, जो मुझसे बात करेंगे? जिस आदमी ने अपने पत्नी का इस्तेमाल किया। केवल कुश्ती संघ के पद के लिए, राजनीति और कांग्रेस के लिए अपनी पत्नी का इस्तेमाल कर दिया।

**›› प्रचार के दौरान फोगाट ने कांग्रेस का धन्यवाद किया**

विनेश फोगाट ने कहा, 'हम परसों अपने कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है। आज मैं जो कुछ भी हूं कुश्ती की वजह से हूं। मैं कांग्रेस पार्टी का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि उन्होंने मुझे टिकट दिया बल्कि जब हम सड़क पर बैठे थे तो प्रियंका गांधी हमारे साथ आईं। उस समय हमें लगा कि हमें अपना देश छोड़ देना चाहिए लेकिन उन्होंने (प्रियंका गांधी) कहा कि हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और हमें कुश्ती के जरिए इन लोगों को जवाब देना चाहिए।'

जानकारी के लिए बात दें कि जुलाना के खेड़ा बख्ता गांव में फोगाट का ससुराल है। कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद फोगाट पहली बार अपने ससुराल पहुंचीं, जहां लोगों ने उन्हें जीत का आशीर्वाद किया। बता दें, इस सीट पर कांग्रेस को आखिरी बार 2005 में जीत मिली थी। इसके बाद इनेलो ने इस सीट पर कब्जा जमा लिया। इनेलो के परमिंदर सिंह ने 2009 और 2014 में सीट जीती थी। 2019 में इस सीट पर जननायक जनता पार्टी के अमरजीत सिंह ढांडा ने जीत दर्ज की। ऐसे में इस सीट को जीतने के लिए फोगाट को कड़ी चुनौती पेश करनी पड़ेगी।

## पांच सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप, कांग्रेस के साथ बनी सहमति



नूना न्यूज एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। आप पांच सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमत हो गई है। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी के सूत्रों ने बताया कि गठबंधन सोमवार को हो सकता है। आप के एक सूत्र ने बताया, कांग्रेस नेता दीपक बाबरिया और आप नेता राघव चड्ढा के बीच बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। संभावना है कि कल तक गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। आप ने राज्य में पांच सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जताई है। इससे पहले, आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने कहा कि कांग्रेस और उनकी पार्टी दोनों अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं को अलग रखकर हरियाणा चुनावों के लिए गठबंधन करने की कोशिश कर रहे हैं। चड्ढा ने कहा कि दोनों दलों के बीच गठबंधन पर आम सहमति नहीं बन पाई है, लेकिन बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और उन्हें अच्छे नतीजे की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद स्थिति नहीं बनती है तो आम आदमी पार्टी गठबंधन के वास्ते आगे नहीं बढ़ेगी। चड्ढा ने कहा, बातचीत सकारात्मक माहौल में हो रही है। दोनों दल अपनी और उम्मीदवार की आकांक्षाओं को अलग रखकर एकजुटता और हरियाणा के लोगों की मांगों को प्राथमिकता देते हुए साथ मिलकर चुनाव लड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सीट बंटवारे को लेकर हर ब्योरे पर टिप्पणी नहीं की जा सकती। दोनों ही दलों की गठबंधन करने की इच्छा है और ऐसा होने की उम्मीद है। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर है। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। सूत्रों के अनुसार, आप जहां 10 सीट की मांग कर रही है, वहीं कांग्रेस उसे सिर्फ सात सीट देने को तैयार है। हालांकि, चड्ढा ने सीट बंटवारे के बारे में अब तक हुई कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, हम नामांकन की अंतिम तिथि 12 सितंबर से पहले ही निर्णय ले लेंगे। यदि कोई फायदेमंद स्थिति नहीं बनती है, तो हम इसे छोड़ देंगे। वार्ता चल रही है, अच्छी चर्चा हो रही है, मुझे उम्मीद है कि इसका कोई अच्छा निष्कर्ष निकलेगा। इससे पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) में भागीदार कांग्रेस और आप ने दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में लोकसभा चुनावों के लिए सीट के बंटवारे पर समझौता किया था। हरियाणा में आप के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता राज्य में लोकसभा चुनावों में पार्टी के एकमात्र उम्मीदवार थे। वह भारतीय जनता पार्टी के नवीन जिंदल से हार गए। कांग्रेस और आप ने पंजाब में अलग-अलग लोकसभा चुनाव लड़ा था।

## हादसे में 28 से ज्यादा लोग घायल, आठ मौतों की पुष्टि

नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** के ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार शाम करीब पांच बजे तीन मंजिला इमारत ढहने की घटना में तीन और लोगों की मौत के साथ इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। हादसे में 28 लोग घायल भी हुए हैं। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने रविवार को बताया कि बचाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने तीन और लोगों-राज किशोर (27), रुद्र यादव (24) और जगरूप सिंह (35) के शव बरामद किए। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की तादाद बढ़कर आठ हो गई। कुमार के मुताबिक, इमारत ढहने की घटना में पंकज तिवारी (40), धीरज गुप्ता (48), अरुण सोनकर (28), राज किशोर (27) और जसमीत सिंह (41) की मौत की पुष्टि शनिवार को ही हो गई थी। दुर्घटना में पांच महिलाओं समेत 28 लोग घायल हुए हैं। कुमार ने बताया कि मलबे के नीचे कोई और न दबा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बचाव अभियान अब भी जारी है। पुलिस के अनुसार, इमारत करीब चार साल पहले बनाई गई थी और वर्तमान में वहां कुछ निर्माण कार्य हो रहा था। शनिवार शाम करीब 4.45 बजे यह हादसा तब हुआ, तब ज्यादातर पीड़ित भूतल पर काम कर रहे थे। घायलों को लोक बंधु अस्पताल समेत



जिले के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस इमारत का इस्तेमाल गोदाम के तौर पर किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इमारत के भूतल में एक मोटर वर्कशाप और एक गोदाम था, जबकि प्रथम तल पर एक मेडिकल गोदाम, जबकि दूसरे तल पर एक कटलरी गोदाम था। मेडिकल गोदाम में काम करने वाले और इस दुर्घटना में घायल आकाश सिंह ने बताया, बारिश की वजह से हम लोग उतरकर भूतल पर आ गए थे। हमने देखा कि इमारत के एक खंभे में दरार आ गई है। अचानक, पूरी इमारत हमारे ऊपर गिर गई। घायलों के मुताबिक, इमारत में काम करने वाले ज्यादातर लोग घटना के समय भूतल पर मौजूद थे। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बचाव कार्य अब यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि कोई भी मलबे में दबा न हो। राहत आयुक्त कुमार ने कहा कि एनडीआरएफ और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के बचाव दल को राहत कार्य में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर रही हैं। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने इस घटना के बारे में जिला मजिस्ट्रेट से बात की और राहत कार्यों एवं घायलों के इलाज से जुड़ी जानकारी ली। राजनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और वह बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घायलों का निःशुल्क इलाज सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। इस घटना की सूचना मिलते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

CMYK

# दहेज के दानवों ने विवाहिता को जलाकर मारनेकी की कोशिश, ससुराल पक्ष फरार

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को विवाहिता को जलाकर मारने की कोशिश का एक सनसनी खेज मामला सामने आया, थाना सैद नंगली क्षेत्र के कस्बा उझारी निवासी मुकीव अहमद ने अपनी बेटी उजमा की शादी 24 अप्रैल 2024 को रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी सनास के साथ की थी, मुकीव ने अपनी हैसियत से बढ़कर लगभग 30 लख रुपए शादी में खर्च किए थे और दहेज का काफी सारा सामान दिया था लेकिन दहेज के लोभियों की दहेज की मांग को लेकर आए दिन नियत खराब होती चली गई तथा तथा शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग 15 लख रुपए की मांग कर रहे थे, तथा विवाहिता उजमा के साथ आए दिन मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे थे तथा पिछले दो महीने से उजमा अपने मायके में रह रही थी, वहीं शनिवार को पीड़िता के ससुराल पक्ष के लोगो ने पहुंचकर समझौता करके उजमा को अपने साथ ले गए थे, रविवार को पीड़िता के पति वह अन्य ससुराल पक्ष के लोगों ने उजमा की जमकर पिटाई की थी



और दहेज के समान में आग लगा दी तथा पीड़िता उजमा को आग में धकेलने की कोशिश की थी जिसमें उजमा काफी जल भी गई, घर से धुआं निकलता देख पड़ोसियों ने उजमा के भाई जुबेर को फोन पर सूचना दी सूचना पाते ही जुबेर मौके पर पहुंच गया और उजमा को ससुराल पक्ष के लोगों के चंगुल से छुड़ाया, इस बीच उजमा के पति ने जुबेर पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया, वही मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया, पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी रहरा में भर्ती कराया जहां से पीड़िता उजमा को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया तथा घायल जुबेर को सीएससी में भारती कर रखा है, घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग फरार हैं, उजमा के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उजमा को जलाकर मारने की कोशिश एवं दहेज में दिए गए सामान को जलाकर नष्ट करने वह जुबेर पर जानलेवा हमला करने, दहेज की मांग आदि को लेकर तहरीर दी है, इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है तथा मामले की जांच कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## भाकियू0चढ़ूँनी के सिहाली जागीर ग्राम अध्यक्ष बने नौशाद मलिक



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर/ सिहाली जागीर।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूँनी की एक बैठक तहसील क्षेत्र के गाँव सिहाली जागीर में हुई जिसमें गाँव सिहाली जागीर के दर्जनों लोगो ने भारतीय किसान यूनियन चढ़ूँनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूँनी द्वारा चलाए जा रहे इस राष्ट्रीय संगठन के प्रति आस्था व्यक्त करते हुऐ व अपना नेता मानकर राष्ट्रीय महासचिव मास्टर मनोज नागर, प्रदेश अध्यक्ष सुबे सिंह डागर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा आयुषी सिन्धु तेवतिया, युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी, मण्डल अध्यक्ष शकील चौधरी, प्रदेश सचिव अनीश चौधरी की नीतियों से प्रभावित होकर तथा शकील खान,वकील खान व शाहवेज खान की प्रबल संस्तुति पर ज़िला अध्यक्ष नफीस मेवाती के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूँनी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें नौशाद मलिक (प्रधान जी )को सिहाली जागीर का ग्राम अध्यक्ष मनोनीत किया गया, वहीं संगठन में मोहम्मद रफी पठान, बाबू उर्फ. तस्लीम, वसीम खान, आमिर खान, शेर अफजल, मौज्जम खान, तनवीर खान, दिलशाद खान, आजम खां, ज़ुल्फिकार उर्फ मदनी, अकरम अली, रजिउल्ला खान, पंकज गौतम, महीपाल, आजाद, विष्णु चौहान, राघव चौधरी, लखन चौधरी आदि ने सदस्यता ग्रहण की व संगठन के लिये पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करने व संगठन की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने व जिले के प्रत्येक गाँव तक पहुँचने का संकल्प लिया, वहीं बैठक में जंगली जानवरों व आवारा पशुओं तथा बिजली विभाग द्वारा लगाये जाने वाले डिजिटल विधुत मीटरों आदि के विषय में विचार विमर्श हुआ, सभा का संचालन शानिब खान ने किया तथा अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष नफीस मेवाती ने की बैठक में मुख्य रूप से शकील चौधरी, जाकिर चौधरी, शब्बन खान, मुशाहिद सलमानी, हाशिम अली, राकेश सिंह, रुखशार खान, शकील खान, शाहवेज खान, वकील खान, मनवीर सिंह, काशिफ खान, परवेज खान, मुन्नवर खान आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोनिया प्रजापति समूह के माध्यम से महिलाओं को कर रही जागरूक

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** नगर में प्रजापति महिला प्रेरणा स्वयं सहायता समूह के द्वारा नगर की विभिन्न महिलाओं को समूह के माध्यम से छोटे-छोटे रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं, और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया जा रहा है महिलाओं को घर में राखियां बनाना, दीपावली की झालर, तिरंगा झंडा, अचार तथा चूड़ियों के डिजाइन एवं इसी प्रकार के हस्त निर्मित सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है और इसी प्रकार के अन्य रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं, बताते चलें कि समाजसेवी सोनिया प्रजापति समूह के माध्यम से महिलाओं को जागरुक एवं आत्मनिर्भर बना रही हैं, इस संबंध में प्रजापति महिला प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की प्रमुख सोनिया प्रजापति ने बताया की महिलाओं को छोटे-छोटे रोजगार से 100 रूपए प्रति दिन तक की आमदनी हो जाती है और महिला इस रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं उन्होंने बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा हसनपुर जिला अमरोहा के सहयोग से महिलाओं को पहले रोजगार के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाता है, फिर महिलाएं अपने-अपने घरों पर प्रशिक्षित होने के बाद उन सामग्रियों का निर्माण करके बाजार में बेच देती हैं जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिलता है उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को समूह के माध्यम से रोजगार के लिए छोटा लोन भी दिए जा रहे हैं जिससे महिलाएं उस लोन के पैसे से अपना रोजगार बढ़ा सके।

## सिविल कोर्ट हसनपुर को जाने वाली सड़क निर्माण के लिए पालिका अध्यक्ष से की मुलाकात

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को सिविल कोर्ट बर एसोसिएशन हसनपुर के महासचिव टेकचंद राणा एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी से मुलाकात कर सिविल कोर्ट हसनपुर वाह्ला न्यायालय को जाने वाली सड़क की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि उक्त सड़क काफी जर्जर हालत में है तथा सड़क का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है , इस संबंध में पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि उक्त सड़क नगर पालिका क्षेत्र से बाहर है तथा इसके लिए जिला पंचायत अध्यक्ष को पूर्व में पत्र लिखा जा चुका है तथा आगे भी पत्र लिखकर तथा मौखिक रूप से वार्ता करके जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा इस मौके पर टेकचंद सिंह राणा एडवोकेट, दीनदयाल यादव एडवोकेट आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## गणेश चतुर्थी: जगह-जगह विराजे गणपति



धामपुर में गणपति की स्थापना को लेकर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।



गणेश जी की पूजा करते भक्त।

धामपुर

**शनिवार** से नगर व क्षेत्र में गणेश चतुर्थी महोत्सव का आगाज हो गया। भगवान गणेश की मूर्तियों को पंडालों में स्थापित करने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। हर कोई श्रद्धालु गणपति की भक्ति में मदहोश दिखाई दिया।

इसी कड़ी में मोहल्ला खतियान स्थित सिंघल भवन परिसर में धार्मिक संस्था श्री गणेश मित्र मंडल की ओर से आयोजित गणेश चौथ महोत्सव की शुरूआत मुख्य बाजार स्थित बालाजी के मंदिर के निकट सुभाषचंद्र अग्रवाल के प्रतिष्ठान से निकल गई शोभायात्रा से किया गया। शोभायात्रा निर्धारित मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची इस शोभायात्रा में सभी श्रद्धालु शिरूर गणपति बप्पा मोरया अंकित सफेद रंग की टोपियां तथा गले में लाल रंग के पटके डाले हुए आकर्षण का केंद्र बने रहे। शोभायात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में आयोजन समिति के संरक्षक दीपक सिंघल सर्राफ, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, लाल बहादुर वर्मा तथा संस्थापक गणेश मराठा के अतिरिक्त विजयपाल सिंह, अध्यक्ष पंकज वर्मा एडवोकेट, रवि अग्रवाल, अनमोल मराठा, उपाध्यक्ष सैलब वर्मा, शंभू रस्तोगी तथा राजू जैन, महामंत्री शंकर मराठा, डॉ.विकास अग्रवाल, विकास चंद्रा, रिंकू वर्मा, आकाश वर्मा, कमल वर्मा, पप्पू वर्मा, मौला शर्मा, विकास रस्तोगी सभी मंत्री संदीप मराठा एवं अर्पित गुप्ता कोषाध्यक्ष धनराज मराठा विजय प्रकाश वर्मा तथा विशाल मराठा, संगठन मंत्री विश्वास अग्रवाल, विनीत वर्मा, श्रेष्ठ अग्रवाल एवं संजय गुप्ता, संयोजक संदीप पाटिल, मोहित अग्रवाल, मुकेश शर्मा हलवाई, अंकुर गुप्ता, अमित माहेश्वरी आदि शामिल रहे।

### चांदपुर में शोभायात्रा जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत

चांदपुर: गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश जी की शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पुलिस वाले मौजूद रहा। शनिवार को शाम साढे चार बजे यात्रा श्रीराम कॉलोनी मे तनुज भाटिया के आवास से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालु बाजे और ढोल की थाप पर झूमते रहे। पूरा शहर गणपति वप्पा मोरिया के जयघोषों से गूंज उठा। शोभायात्रा में महिला और बच्चे भी गणेशजी की महिमा का गुणगान करते दिखाई पड़े। यात्रा के दौरान राहगीरों व भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। जगह-जगह यात्रा का स्वागत फूल बरसा कर किया गया। बाद में यात्रा बाजार बजरिया, शंकर बाजार होते हुए ढाली बाजार में समाप्त हुई। इसके बाद गणेश जी की मूर्ति शिव मंदिर में स्थापित गई। इस अवसर मोहित भाटिया, बिरजू मराठा, दीपक वर्मा, राजेश मराठा, पुनीत मराठा, विकास मराठा, विक्रम आदि मौजूद रहे।



चांदपुर में शोभायात्रा।

### विधि विधान से की गई गणपति की मूर्ति स्थापित

**नजीबाबाद:** नजीबाबाद में श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति की ओर से श्री सिद्धि विनायक मंदिर में गणपति जी की मूर्ति स्थापना विधि विधान के साथ की गई। गणपति महाराज जी को स्नान कराकर सुंदर वस्त्र पहनाकर सिंहासन पर सुशोभित किया गया। नगर में शनिवार को गणेश चौथ पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में समिति की ओर से गणपति महाराज की मूर्ति स्थापना की गई। स्थापना से पूर्व गणपति महाराज की मूर्ति को स्नान कर कर उन्हें सुंदर-सुंदर वस्त्र पहनाए गये और सिंहासन पर सुशोभित किया गया। पंडित जितेंद्र डाबलाल, संजय डबराल, शिवम डबराल ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए गणपति महाराज की मूर्ति स्थापना कराई। पहले दिन मुख्य यजमान शैलेन्द्र चौधरी रहे। उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं समस्त कमेटी के पदाधिकारियों ने पूजन कराया। मंदिर में विशाल गणपति जी की मूर्ति के साथ-साथ 10 छोटी गणपति जी की मूर्ति भी स्थापित की गई। श्रद्धालुओं ने गणपति महाराज की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

## उपचारात्मक तकनीक से कमजोर छात्रों को बनाए निपुण: महावीर

चांदपुर



**जिला** शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट इस्माइलपुर में माध्यमिक विद्यालयों के अंग्रेजी एवं गणित विषय के शिक्षकों का पांच दिवसीय समेकित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। शिक्षा विभाग के निर्देश पर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की शिक्षण क्षमता में वृद्धि हेतु यह प्रशिक्षण तीन सितंबर से शुरू हुआ था जिसका शुभारंभ डायट प्राचार्य महावीर सिंह द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में जनपद बिजनौर स्थित माध्यमिक विद्यालय के समस्त अंग्रेजी एवं गणित विषय के प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया।

डीआईओएस जयकरण यादव के कुशल निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर्स मुकेश कुमार, मनोज कुमार, किरण रानी, अनिल कुमार प्रेमी, रेनु कुमारी, मयंक राजपूत द्वारा नवीन शिक्षा नीति पर आधारित विशेष मॉडल्स के साथ सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर क्राइम, मूल्य बोध एवं नैतिक शिक्षा, अंग्रेजी विषय में उपचारात्मक शिक्षा पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी शिक्षक अपने अपने विद्यालय में प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान एवं तकनीक का प्रयोग करके छात्रों का चहुंमुखी विकास करेंगे। शनिवार को प्रशिक्षण उपरांत सभी शिक्षकों को डायट प्राचार्य महावीर सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अनिल कुमार प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षु शिक्षक डॉक्टर महेंद्र सिंह त्यागी, इशरत जमाल, रणवीर सिंह, रघुवीर सिंह एवं जरीना खान ने बताया कि यह प्रशिक्षण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रुचिकर रहा।

## सब रंगमंच ने आयोजित किए शायरी महाकुंभ

बिजनौर

**सब** रंग मंच के तत्ववधान सबरंग की 25वीं वर्षगाठ के अवसर पर डा. अजय जन्मे जय के निवास स्थान पर काव्य गोष्ठी शायरी का महाकुम्भ नाम से आयोजित की गई। इसके मुख्य अतिथि अनमोल शुक्ल देहली तथा विशिष्ट अतिथि अनवार अहमद अनवर बिजनौरी शनावर किरतपुरी विशेष रूप से उस्थित हुए।

सर्व प्रथम कार्यक्रम के संयोजक हुक्का बिजनौरी व डा. अजय चौधरी ने विशिष्ट अथितियों अनमोल शुक्ल सहित शकील बिजनौरी, शनावर किरतपुरी, अनावर अहमद अनवर बिजनौरी का माल्यार्पण कर ऐजाजी पटका के साथ उनको सम्मानित किया गया।

सर्व प्रथम डा. अजय ने विशिष्ट अतिथि अनमोल शुक्ल का परिचय कराते हुए कहा की अनमोल शुक्ल ने अपनी सेवा के 25 वर्ष हमारे बीच यानी बिजनौर में ही गुजारे और हम रोज ही अन्य शायर-कवि मिलकर बैठा करते थे। अनमोल शुक्ल आज गजल के बड़े स्तम्भ के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। इस



शायरी समारोह में शामिल अतिथिगण।

अवसर पर विशिष्ट अथिति अनमोल शुक्ल ने कहा कि बिजनौर कि पावन धरती पर रहकर ही में काव्य कि जानिब बढ़ा बिजनौर ने मुझे एक पहचान दी। इस अवसर पर शनावर किरतपुरी शकील बिजनौरी, अनवर बिजनौरी, अमीर नेहटौरी आदि ने भी साहित्यिक चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पधारे अनमोल शुक्ल अपनी क्लात्मक शायरी से सभी को मन्त्रमुग्ध किया और खूब वाह वही लूटी! हाजिर है उनका एक शेयर.....जुट पाते हैं रोज उनको बस चंद निवाले ही, मजदूर की कुटिया में गोदाम नहीं होता! बिजनौर के मशहूर शायर व अदीब शकील बिजनौरी ने कुछ यूं फरमाया.....वो जब भी ध्यान में आये तो ध्यान खुशबू दे जमीन महकने लगे, आसमान खुशबू दे। इनके अलवा गिरीश त्यागी, डॉ. अशोक शर्मा, नरेंद्र शिखर व हुक्का बिजनौरी आदि कवियों शायरों ने भी अपनी अपनी रचनाओं से खूब मन्त्र मुग्ध किया।

## इनबॉक्स

### बांसुरी सजा में दीपमाला व छाया ने मारी बाजी




**हल्दौर:** लायनेस क्लब नव शक्ति हल्दौर की अध्यक्ष सरिता शर्मा के आवास पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। डॉक्टर विकास कुमार, विनय प्रकाश, आयुषी विश्नोई, प्रियंका, दीपमाला को प्रमाण- पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही कल्चर प्रोग्राम के तहत बांसुरी सजा की प्रतियोगिता हुई जिसमें दीपमाला को प्रथम और छाया रस्तोगी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सरिता शर्मा, सचिव स्वाति रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शिवि रस्तोगी एवं बबिता मारवाड़ी, वर्षा विश्नोई, रेखा मारवाड़ी, कविता चौहान, सोमाली अग्रवाल, रीना रस्तोगी, कंचन रस्तोगी, पवन ठाकुर, प्रियंका आयुषी, विश्नोई, दीपमाला, नमिता रस्तोगी, छाया रस्तोगी, प्रतिभा वशिष्ठ उपस्थित रहे।

### आयुर्वेदिक चिकित्सालय को सरकारी भवन की सौगात



**भागूवाला:** भागूवाला में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 1946 में स्वर्गीय यज्ञ दत्त ब्रह्मचारी ने आर्य समाज के भवन में जगह देकर सुचारू कराया था। यह हॉस्पिटल श्यामपुर के लिए जिला बिजनौर से मंजूर हुआ था। हरिद्वार में हरकी तीन पैड़ी जिला बिजनौर की सीमा हुआ करती थी। श्यामपुर में दवाइयां के रखरखाव के लिए ठीक भवन नहीं मिलने पाने के कारण डा. नैथानी यज्ञदत्त ब्रह्मचारी से मिले। ब्रह्मचारी ने 1946 में जिला परिषद अध्यक्ष होरी सिंह से आयुर्वेदिक अस्पताल को श्यामपुर से हटकर भागूवाला में खोलने का सुझाव दिया। तब से पांच सितंबर 2024 तक यह हॉस्पिटल आर्य समाज भवन में ही उपचार देने के लिए मजबूर था। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी डा. राकेश कुमार ने बताया कि डीएम बिजनौर के आदेश अनुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को नया भवन छः सितंबर में दिया गया है। अब कार्यरत डा. श्रुति ध्यानी नई बिल्डिंग में उपचार करेंगी।

### वालिया ग्लोबल एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**नजीबाबाद:** नजीबाबाद बूंदकी रोड स्थित वालिया ग्लोबल एकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दो से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शनिवार को वालिया ग्लोबल एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी एवं अभिभावक सम्मेलन- पीटीएम आयोजित किया गया। अभिभावकों ने कक्षा दो से पांच तक के बच्चो द्वारा बनाये गये मॉडल को खूब सराहा। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक रमाकान्त वालिया, कमल-कान्त वालिया, इन्दु वालिया ने रिबन काटकर किया। विद्यालय प्रबंधक अश्विन वालिया जी ने बच्चों की सरहाना की। प्रधानाचार्य श्याम प्रकाश तिवारी ने विचार रखे।

### चित्रकला व मूर्ति कला में अशरा व वंशिका रही प्रथम

**हल्दौर:** सीडी इंटर कालेज की छात्राओं ने चित्रकला एवं मूर्ति कला में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर में आयोजित कला महोत्सव में टीम इंचार्ज के रूप में जितेन्द्र मारवाड़ी ने बताया कि चित्रकला में कु. अशरा जहां तथा मूर्ति कला में वंशिका प्रजापति ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। एकल नाटक में अंशिका कों तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अब यही बच्चे मंडलीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मुरादाबाद जायेंगे। शिक्षक अवधेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्य मेजर रमाशंकर ने बधाई दी।

बिज-30-विजेता को सम्मानित करते अतिथि

### बच्चों को बताया जंक फूड से रहे दूर

**बिजनौर:** एमपीएस ग्लोबल स्कूल शादीपुर, कोतवाली देहात किंडरगार्टन के बच्चों के लिए एक विशेष आहार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या स्वाती चौधरी द्वारा दीप जलाते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गयीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ भोजन के महत्व को समझाना और जंक फूड से बचने के लिए प्रेरित करना था। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता से विभिन्न प्रकार के स्वस्थ खाद्य पदार्थों के बारे में जाना और उन्होंने यह वादा किया कि वे भविष्य में जंक फूड से दूर रहेंगे और स्वस्थ भोजन को प्राथमिकता देंगे।


बिज-11-आहार जागरूकता कार्यक्रम में शामिल बच्चे

### सानिया, नमिता व फायज़ा ने बीएएलएलबी में मारी बाजी



**बिजनौर:** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बीएएलएलबी षष्टम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी षष्टम सेमेस्टर में छात्रा सानिया असलम ने प्रथम, बुशरा खातून व नमिता ने द्वितीय तथा फायज़ा आलम व नमरा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मुकुल, नाजरा व मंतशा ने किया टॉप



किरतपुर। एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली से संबद्ध मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट किरतपुर का एमए द्वितीय अर्थशास्त्र सेमेस्टर 2024 का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान, मुकुल प्रजापति ने 72.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर-के, द्वितीय स्थान, नाजरा ने 68.5 और तृतीय स्थान मंतशा ने 62.7 प्रतिशत अंक प्राप्त करके किया। महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साइम राजा ने विचार रखे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि हमारे कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। अर्थशास्त्र प्रवक्ता मोहम्मद अरशद ने सभी छात्राओं को मुबारकबाद दी।

### नवप्रवेषित छात्रों ने राष्ट्रपति भवन का शैक्षिक भ्रमण



**बिजनौर:** संस्थान ने बीटेक, पलिटैक्रिक, बीफार्म एवं डीफार्म पाठ्यक्रम के नवप्रवेशित छात्रों के लिए राष्ट्रपति भवन में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने अमृत उद्यान में विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे, औषिधीयों के पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ म्यूजियम, पुस्तकालय, दरबार हॉल, अशोक मंडप का भ्रमण करते हुये इनके बारे में एतिहासिक जानकारी भी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान सभी छात्रों ने खूब आन्नद लिया। इस सफल भ्रमण के आयोजन में डा. आशुतोष कंसल, डा. विमल भारती, कमलजीत, गौरव, डा. जैदी, मीनू कोठारी, प्रगति गर्ग, रेनू, सफकत जैदी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस शैक्षिक भ्रमण पर संस्थान के प्रबन्धक निदेशक सन्नी देशवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि संस्थान द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के भ्रमण को आयोजित कराया जाता है। ताकि छात्रों का न केवल किताबी बल्कि बहुमुखी विकास भी हो सके। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. संजीव कुमार, एवं डा. हितेश कुमार और रजिस्ट्रार विपिन कुमार आदि रहे।

# करनाल

## गर्भवती महिलाओं को लेना चाहिए पोष्टिक आहार : प्रीतो देवी


कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरुक करते हुए।

**नीलोखेड़ी :** कोयर गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीतो देवी ने अपनी आंगनवाड़ी में पोषण जागृति माह के चलते आंगनवाड़ी महिलाओं के साथ मीटिंग के माध्यम से विचार विमर्श किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीतो देवी ने बताया कि वे पत्तेदार सब्जियों व मौसमी फलों का प्रयोग कर पूरक पोषण प्राप्त कर सके। इस अवसर पर 0 से 6 साल के बच्चों का डाइट, वजन भी किया गया। समय अनुसार भोजन करते हुए प्रतिदिन दूध का प्रयोग करे।इस अवसर पर मुख्य रूप से महिलाएं प्रियंका,केला,तन्नु,रजनी, रितु के साथ आंगनवाड़ी सहायिका मीना देवी शामिल रहे।

## सिनेमाघर और केबल पर एमसीएमसी कमेटी की अनुमति से ही होगा विज्ञापनों का प्रसारण

**करनाल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में कोई भी केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक एमसीएमसी कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के बिना केबल व सिनेमा घर में किसी भी प्रकार का राजनैतिक विज्ञापन नहीं चला सकता है। इसके अलावा समाचार पत्रों में भी विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए एमसीएमसी कमेटी की अनुमति आवश्यक है। विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी का गठन कर दिया गया है। सभी केबल ऑपरेटरों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है। आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विधानसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के आदेशों की पालना करनी होगी। इसके साथ ही जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन करना जरूरी है। चुनाव के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते।

## भाजपा ने कश्यप समाज पर विश्वास जिताया वैसे ही समाज जीत दिलाने का काम करेगा : रामकुमार


कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप।

**इंद्री :** इंद्री दीवान पैलेस में कश्यप समाज के लोगो की विधान सभा चुनाव को लेकर एक मीटिंग की गई. जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री श्यामलाल कश्यप ने की। मीटिंग में बतौर मुख्यातिथि के तौर विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्य रूप से शिरकत की। विधायक रामकुमार कश्यप का समाज के लोगो ने जोरदार स्वागत किया। पार्टी में हिस्सेदारी को लेकर कश्यप समाज मे खुशी लहर। जिसमे कश्यप समाज के लोगो ने इंद्री से रामकुमार कश्यप दोबारा टिकट मिलने पर देश के प्रधान मंत्री नरेंदर मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व पार्टी के शीर्षक नेताओ का जताया आभार। कश्यप ने कहा की भाजपा ने जो टिकट रामकुमार कश्यप को दी है यह रामकुमार कश्यप को नहीं यह टिकट कश्यप समाज को दी कश्यप समाज के लोगो ने कहा की इंद्री से रामकुमार कश्यप को भारी जीत दिलाकर चण्डीगढ़ की बड़ी पंचयात में रामकुमार कश्यप को बैठने का काम कश्यप समाज करेगा. क्योकि कांग्रेस पार्टी ने कश्यप समाज की हमेशा अनदेखी की और भाजपा एक ऐसे पार्टी है जो हर वर्ग: को साथ लेकर चलती है। पूर्व सरपंच श्याम लाल कश्यप ने बताया की मीटिंग विधान सभा चुनाव में एकजुटता से सभी भाजपा का प्रचार करेंगे।गांव में कमेटी गठित कर हर गांव में जाकर रामकुमार कश्यप पक्ष में जाकर प्रचार करेंगे। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा की भाजपा से कश्यप समाज को टिकट देकर कश्यप का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा 10 सितम्बर को भारी संख्या में अपने कार्यकर्ताओ के नांमाकन दाखिल करेंगे। इंद्री से भारी मतों से जीत हासिल होगी। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सरपंच श्याम लाल कश्यप, ईश्वर सिंह मास्टर, रामरतन कश्यप, राजबीर कश्यप, हरिकिशन, मुकेश, रामकुमार नंदी, कर्मबीर कश्यप, राजपाल नम्बरदार, जयपाल कश्यप, नीरू कश्यप, बचना राम, जगमाल ब्याना, कूड़ा राम आदि काफी संख्या में कश्यप के लोग मौजूद रहे।

## अंडर-11 जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन


प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

**करनाल :** एसजीएफआई अंडर-11 जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन पांच और छह सितंबर को कॉन्वेंट स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में स्केटर्स ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिला शिक्षा विभाग से विजय पाल व सावित्री देवी, कान्वेंट स्कूल से स्पोटर्स इंचार्ज मोहिंद्र, राजीव तथा स्केटिंग कोच संजय गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में करनाल, असंध, नीलोखेड़ी, निसिंग, निगदू व इंद्री ब्लॉक के स्केटर्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संचालन में पंकज बत्तरा, जजपाल सिंह व रेखा ने अपना विशेष योगदान दिया। संजय गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। क्वार्ड रेस अंडर-11 आयु वर्ग लड़कियों में मायरा गांधी ने दो गोल्ड, आराध्या ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, गरिमा ने दो सिल्वर, आराध्या ने दो ब्रांज मेडल जीते। लडकों में अनमोल ने दो गोल्ड, कुशील ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, गुरजंत ने एक सिल्वर व एक ब्रांज, नवनीत ने एक सिल्वर मेडल, अक्षत ने एक ब्रांज और केशव ने एक ब्रांज मेडल जीता।

## दिव्यांग मतदाताओं के लिए मददगार साबित होगा भारत चुनाव आयोग का सक्षम एप्प

**करनाल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की विधानसभा चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। यह मोबाइल एप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को देखते हुए एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सक्षम एप के इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है। नये मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है, वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि सक्षम एप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है। इसके अलावा चुनावों से संबंधित ज्ञानवर्धन के लिए काफी लेख भी सक्षम एप पर उपलब्ध हैं।

## राजनीतिक पार्टियाँ सिखों की वोटों व नोटों का इस्तेमाल करती हैं जत्थेदार हरप्रीत सिंह



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** सिखों की लंबी दाड़ी व दस्तार से नफरत करने वालों को यह याद होना चाहिए कि अगर ये लंबी दाड़ी और पगड़ी न होती तो 1947 में पाकिस्तान की हद अटारी बॉर्डर न होता बल्कि दिल्ली उसकी हद होती। मेरठ और सहारनपुर का एरिया भी आज भारत में न होकर पाकिस्तान में होता। ये उद्‌गार आज श्री अकाल तख़्त साहिब के पूर्व जत्थेदार व तख़्त श्री दमदमा साहेब के मौजूदा जत्थेदार सिंह साहेब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने हरियाणा सिख सम्मेलन में व्यक्त किए। हरियाणा सिख एकता दल द्वारा आयोजित हरियाणा सिख सम्मेलन में बोलते हुए जत्थेदार हरप्रीत सिंह ने कहा कि राजनीतिक पार्टियाँ सिखों की वोटों व नोटों का इस्तेमाल करती हैं लेकिन जब सिखों के हक देने की बात आती है तो सभी राजनीतिक पार्टियाँ उन्हें इग्नोर कर देती हैं। उन्होंने गुरुद्वारों में सरकारी दखलंदाजी को सरकारों की गहरी साज़िश बताया ताकि सिख गुरु ग्रंथ साहिब से टूट जायें। उन्होंने हरियाणा सिख एकता दल द्वारा प्रदेश के सिखों को एक जुट करने के उपराले की भरपूर प्रशंसा की और इसे अन्य प्रदेश के सिखों के लिए एक नजीर बताया। इस से पूर्व बाबा गुरविंदर सिंह मांडी, बाबा गुरमीत सिंह गुरुद्वारा राज करेगा खालसा व बाबा मेहर सिंह नबियाबाद ने भी अपने विचार रखे और सिख कौम की चड़दी कला के लिए कौमी एकता को समय की आवश्यकता बताया। मंच से जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने मंच पर उपस्थित संत समाज को सिरोपे देकर सम्मानित किया। हरियाणा सिख एकता दल की और से सिंह साहेब ने बाबा सुखा सिंह डेरा कार सेवा करनाल, बाबा गुरमीत सिंह गुरुद्वारा राज करेगा खालसा डाचर, बाबा रजिंदर सिंह खालसा इसराना, बाबा गुरविंदर सिंह माँडी, बाबा तरलोचन सिंह नानकसर सिंघड़ा, बाबा अमर।

## कुरुक्षेत्र के नए बस अड्डे के निकट होटल के कमरे में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी प्रेमिका का गला दबाकर हत्या की

### उसके बाद युवक ने चुन्नी के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

**कुरुक्षेत्र सुखविंदर सोही**

**करनाल।** कुरुक्षेत्र के नए बस अड्डे के निकट होटल के कमरे में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी प्रेमिका का गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद युवक ने चुन्नी के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक की शिनाख्त कमलदीप सिंह (25) निवासी गुमयारा गांव जिला मुक्तसर साहिब पंजाब के रूप में हुई । युवती (22) अंबाला जिले की रहने वाली थी, जो कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एमए कर रही थी तथा कुवि हॉस्टल में रहती थी। घटना रात 10 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात करीब आठ दोनों नए बस अड्डे के निकट एक होटल की दूसरी मंजिल पर कमरा नंबर 204 में रुके थे। शनिवार सुबह 11 बजे तक दोनों बाहर नहीं आए तो होटल कर्मी को कुछ शक हुआ, मगर उन्होंने कमरे में जाना उचित नहीं समझा। शाम को युवती के परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर कई कॉल की, मगर उसने कोई कॉल नहीं उठाई। उसके बाद परिजनों ने कुवि हॉस्टल में अपनी बेटी के बारे में पूछा तो उनको पता चला कि उनकी बेटी हॉस्टल में मौजूद नहीं थी। वहीं होटल स्टाफ ने कमरे में कोई हलचल न पाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर होटल के रिकॉर्ड से आधार कार्ड लेकर उनके परिजनों को सूचित कर मौके पर बुला लिया। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में होटल का कमरा खुलवाया तो युवती का शव चादर में लिपटा पड़ा था और कमलदीप का शव चुन्नी के सहारे फंदा पर लटका हुआ था। पुलिस के मुताबिक युवती के गले पर निशान मिले हैं। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी।

## सीएम नायब सैनी रेणु बाला गुप्ता को मनाने के लिए पहुंचे

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** सीएम नायब सैनी करीब 1 घंटे तक उनके घर पर बैठे, बातचीत की और उसके बाद जब बाहर निकले तो सीएम नायब ने कहा कि पार्टी का निर्णय सर्वोप्रिय है, क्योंकि मैं यहां से विधायक हूं, मेरा आना जाना लगा रहता है, परिवार में मैं आया हूं, चुनाव चल रहा है हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बन रही है। मैं लोगों के बीच में आशीर्वाद लेने के लिए जाता रहता हूं। 12 सितंबर तक नॉमिनेशन है। लोगों का उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है, मैं 10 को नॉमिनेशन कर रहा हूं, लाडवा के लोगों का प्रेम प्यार मिल रहा है। पहले करनाल के लोगों ने प्रेम प्यार दिया, मैं उसको लेकर अभिभूत हूं, करनाल के लोगों को प्रणाम करता हूं, करनाल मेरा घर है, अब लाडवा के लोगों का आशीर्वाद भरपूर मिलेगा, करनाल के लोगों को आगे भी किसी प्रकार की समस्या नहीं देंगे, करनाल को कभी भी सीएम सिटी की कमी महसूस नहीं होने देंगे। करनाल सीएम सिटी के रूप में आगे बढ़ेगा, करनाल के लोगों का आशीर्वाद से अभिभूत हूं, कोई भगदड़ नहीं है। मैं अपनी दीदी के घर आया था चाय पीने और जब मन करता है मैं आ जाता हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी का आदेश रेणु बाला ने स्वीकार किया है और उसका सम्मान किया है। लेकिन क्या रेणु बाला की नाराजगी दूर होगी या नहीं, क्या पूरे हरियाणा के अंदर मच रही भगदड़ शांत हो पाएगी या नहीं, ये देखने वाली बात होगी।




## कोई भी व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना न करें : डीसी

### डीसी उत्तम सिंह ने राजनैतिक दलों के साथ-साथ आमजन से भी की अपील

**करनाल सितंबर :** उपायुक्त एवं जिला ।जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आमजन से अपील की है कि वे विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया को जिला में पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। ट्विटर-एक्स डॉट कॉम, इंस्टाग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। इसके साथ-साथ सभी राजनैतिक दल व चुनाव के इच्छुक लोग दि हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें। किसी भी प्राइवेट प्रोपर्टी पर बिना मालिक की इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा न करें। यदि कोई बिना इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा करता है तो वह दा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट एक्ट की उल्लंघना माना जाएगा तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने कहा है कि विधानसभा चुनाव लोकतंत्र का पवित्र पर्व है। इस पर्व में भागीदार बनना प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व की बात है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों की पालना करना जरूरी है, जिसे हम आदर्श चुनाव आचार संहिता की संज्ञा देते हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए कोई भी व्यक्ति सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति पर प्रचार सामग्री न लगाएं। इसी प्रकार से मकान या निजी संस्थान मालिक की अनुमति के बिना उसकी दीवार पर लेखन या पोस्टर आदि प्रचार-प्रसार सामग्री चस्पा न करें।

यदि ऐसा निजी संपत्ति पर उसकी इजाजत के बिना प्रचार सामग्री चस्पा करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें : विधानसभा चुनाव लोकतंत्र का पवित्र पर्व है।

जिला में चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। मतदाता को लुभाने के लिए सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट न करें जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो।

## विद्यार्थियों को कलां, संस्कृति एवं लोक नृत्य से जोड़ते हैं टेलैंट शो : डॉ. सैनी


कॉलेज में विद्यार्थियों के साथ स्टाफ सदस्य।

### डीएवी पीजी कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रतिभागी कलाकारों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**सितंबर :** डीएवी पीजी कॉलेज में टैलेंट खोज समारोह के दूसरे व अंतिम दिन युवा एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में नृत्य एंव गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। टैलेंट खोज समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में विराजमान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का माध्यम है टैलेंट शो जो उनके अंदर छिपे टैलेंट को हुनर के रूप मे तराशने का काम करते है। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभाएं भी तब तक बाहर नही निकल पाती जब तक कि उन्हें कोई रंगमंच ना मिले। उन्होंने कहा कि टैलेंट शो विद्यार्थियों को कलां, संस्कृति एवं लोक नृत्य से जोड़ते हैं। बीए प्रथम वर्ष के छात्र तरुण कुमार ने सबको हंसाना, सबको नचाना बस यही मेरा कसूर बादशाह ओ बादशाह गाने पर डांस प्रस्तुत कर छात्रों को खुब नचाया। हर्ष ने हरियाणा में आई रै बिजली, नई नवेली आई रै नार, हट जा ताऊ पाछैअ नै हरियाणवी गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। टेलैंट शो में छात्र एवं छात्राओं ने गीत ,गजल, रागनी व नई-पुरानी फिल्मों के गीत गाकर अपनी प्रतिभा को दिखाया। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय व तृतीय रहे विद्यार्थियों को ट्रॉफी,मैडल व प्रंशसा पत्र देकर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।

## अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल :** जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देसी शराब के साथ दो तस्करों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना बुटाना करनाल क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस टीम ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों बलिन्द्र उर्फ अजय कुमार निवासी वार्ड नंबर-6 पोल्ट्री एरिया नीलोखेड़ी को काली माता मंदिर रोड़ के पास नीलोखेड़ी से 11.05 बोतल अवैध शराब और जोगिन्द्र निवासी अमरगढ़ नीलोखेड़ी को संधीर रोड़ नीलोखेड़ी से बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया।

## रिपुसूदन सिंह गीता विद्या मंदिर बाबैन विद्यालय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया


रिपुसूदन सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल में सम्मानित करते हुए।

**बाबैन :** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती को समर्पित कार्यक्रम रिपुसूदन सिंह गीता विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई । वंदना स्थल पर प्रधानाचार्या पूनम सैनी द्वारा बच्चों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया गया। विद्यार्थियों ने भी अपनी-अपनी कक्षा में पुष्प वर्षा कर विभिन्न व्यंजनों के माध्यम से शिक्षकों का स्वागत किया और अपने मन के विचार और उदगार अपने शिक्षकों से सांझा किए। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान के लिए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष फकीर चंद शर्मा, प्रबंधक विनोद सिंगला व अन्य प्रबंध समिति सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। प्रधानाचार्य पूनम सैनी ने ए. पी.जे.अब्दुल कलाम जी के वाक्य की सत्यता को व्यक्त करते हुए बताया कि मेरे देश का भविष्य कक्षा कक्ष में पल रहा है। इसी के साथ प्रधानाचार्य पूनम सैनी जी ने विद्यालय प्रबंध समिति का आभार व्यक्त किया और सभी आचार्यगण को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

## मतदाताओं की जागरूकता के लिए स्वीप के तहत आज राहगीरी कार्यक्रम

**करनाल :** आगामी 5 अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा मतदाताओं की जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में रविवार 8 सितंबर को प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक करनाल शहर के मुख्य बाजार ओल्ड कमेटी चौक में स्थापित महर्षि वाल्मीकि चौक पर राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी यश जालुका ने राहगीरी कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी समय रहते अपने विभाग से संबंधित तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा करें और कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों विशेषकर युवा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग को कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था तथा ट्रैफिक व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी सौंपी। हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके मनचाही सरकार को चुने। मतदान करने का मौका 5 साल में मिलता है।

## पीपी ज्वेलर्स ने नूर महल में लगाई प्रदर्शनी


करनाल के नूर महल होटल में आयोजित प्रदर्शनी में पहुंची महिलाएं व प्रदर्शनी का अवलोकन करती महिलाएं।

करनाल सितंबर। आभूषणों की नई दुनिया में पीपी ज्वैलर्स द्वारा दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन नूर महल होटल के एक सभागार में प्रायोजित किया गया जिसमें एक से बढकर एक ज्वेलरी देखने को मिली। साथ ही लोगों में इस पीपी ज्वेलरी को खरीदने के लिए महत्वपूर्ण रुचि दिखाई दी। मैनेजर रघुराज खन्ना व मनीषा ठाकुर ने प्रदर्शनी के दौरान बताया कि नूर महल होटल सभागार में एक भव्य

### प्रदर्शनी में आकर्षक डिजाइनों ने महिलाओं का मोहा मन

रूप से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रायोजित पर स्टोन गैरेज एवं जीएसटी पेड बाय अस कुंदन ज्वैलरी, पोलकी ज्वेलर्स खरीददारी के लिए लोगों को काफी सुविधा के साथ उनको अनेक योजनाओं के तहत लाभान्वित खरीदारी के लिए सुविधा प्रदान की गई। पीपी ज्वेलर्स के मैनेजर रघुराज खन्ना ने कहा कि वह पूरे भारत में इस प्रकार के ज्वेलरी के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जहां पर अनेक मध्य वर्ग से लेकर उच्च कोटि के लोग इस ज्वेलरी को खरीदने पर अपना विश्वास जताते हैं और काफी संख्या में पीपी ज्वेलर्स की ज्वेलरी खरीद कर पूर्ण विश्वास के साथ वह खरीदारी करते हैं। इस दौरान मनीषा ठाकुर ने भी बताया कि महिलाओं में पीपी ज्वेलर्स की ज्वेलरी सबसे अधिक पसंद की जाती है। आत्मविश्वास के साथ ज्वेलरी या डायमंड खरीदने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। उनका यह भी कहना था कि नई-नई पीढ़ी के साथ लोगों को नई-नई पसंद के आभूषणों में एक से बढकर एक ज्वेलरी का डिजाइन और इसकी उच्च गुणवत्ता शामिल होती है।

साथ ही यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की डायमंड खरीदने में शंका होती है तो उसको मौके पर ही डायमंड की जांच कर उनको आत्मविश्वास के साथ खरीददारी करने का अनुरोध किया जाता है। दो दिवसीय नूर महल होटल में आयोजित भव्य प्रदर्शनी में लोगों की अपार भीड़ देखी गई। साथ ही लोगों ने काफी संख्या में ज्वेलरी खरीदने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

### एक से बढ़कर एक ज्वेलरी को देखकर आकर्षक हुए लोग

**पीपी ज्वेलर्स** द्वारा आयोजित करनाल के नूर महल होटल में प्रदर्शनी के दौरान लोग एक से बढकर एक ज्वेलरी को देखकर आकर्षक होते हुए दिखाई दिए जिन्होंने जमकर ज्वेलरी खरीदी और लाखों रुपए की ज्वेलरी का लाभ उठाकर अपने परिजनों को भी इस खरीददारी के लिए प्रेरित किया। ज्वेलरी में एक से बढकर एक डायमंड ज्वेलरी देखने को मिली। प्रदर्शनी के दौरान युवा पीढ़ी की महिलाएं इस खरीददारी करने में सबसे ज्यादा उत्साहित दिखाई दी। दो दिवसीय नूर महल में आयोजित प्रदर्शनी में महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा नजर आई तथा अनेक महिलाओं ने एक से बढकर एक ज्वेलरी खरीदने में पीपी ज्वेलर्स का लाभ उठाया।

### प्रदर्शनी में लोगों ने दिल खोलकर आभूषणों का उठाया लाभ

**सोने की** खरीदारी करनी हो लोग यह विश्वास चाहते हैं कि उन्हें अपने घर और परिवार के लिए आभूषण कहां से खरीदें। लोगों ने आज नूर महल होटल में पहुंचकर पीपी ज्वेलर्स की प्रदर्शनी में दिल खोलकर एक्सक्लूसिव आभूषणों का लाभ उठाया। इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि हर डायमंड नए-नए डिजाइनर से बनाया गया था जो आने वाले हर ग्राहक को आकर्षित कर रहा था। इस आकर्षण में अनेक महिलाएं इन आभूषणों को खरीदने के लिए मजबूर हो गई थी तथा उन्होंने आज के इस नए युग के नए डिजाइनों की प्रतिभाशाली डायमंड की खरीदारी की और अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी वह घर लौट गई तथा अपने परिजनों को भी इस ज्वेलरी में खरीदने खरीददारी करने के लिए उनको मजबूर करते दिखे।

# निर्जला रहकर महिलाओं ने मनायी हरितालिका तीज



■ मऊरानीपुर(झांसी)

मुहल्ला कटरा में हरतालिका तीज पर सुहागवती महिलाओं ने तीजा का व्रत रखा। यह व्रत महिलायें अपनी पति की लंबी आयु के लिये करती है। जिसमें शंकरजी, पार्वती की पूजा,अर्चना होती है। यह निर्जला व्रत किया जाता है। जिसमें कथापूजन के बाद पानी मिलता है एवं मंगलगीत गाये गाते है। रात्रि में जागरण होता है, एवं ब्रहम मुहुर्त में विसर्जन किया जाता है।

## खिलारा की महिलाओं ने की तीजा व्रत की पूजा



**मऊरानीपुर (झाँसी)।** शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं, युवतियों द्वारा तीजा का व्रत रखा। जिसमें ग्रामपंचायत खिलारा की व्रत करने वाली महिलाओं ने व्रत से लेकर दूसरे दिन की सुबह तक बगैर पानी पीने रही, विधिविधान के साथ गौरारानी की विशेष पूजा, अर्चना कर घर, परिवार के सुख, समृद्धि की मंगल कामनाएं की। यह त्यौहार महिलाओं द्वारा धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

## महिलाओं ने रखा तीज व्रत



**मऊरानीपुर (झाँसी)।** बडागांव में जगह-जगह तीज व्रत रखा गया। इस व्रत को माता,बहनों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें गायत्री श्रीवास, सोनम, दीक्षा, वर्षा, खूशबू, नर्मदा, कृष्णा, मुन्नी, नैन्सी, अंजली, कौशल्या, ममता, हर्षकुमारी, धनकू, फूला आदि महिलायें मौजूद रही।

# ऑल इंडिया अंजुमन ए तबलीगे इमामे हुसैन की सालाना शबेदारी हर साल की तरह इस साल भी जलील हुसैन हाउस पर हुई





**प्रकाश नाथ मुजफ्फरपुर**

**मुजफ्फरपुर।** ऑल इंडिया अंजुमन ए तबलीगे इमामे हुसैन की सालाना शबेदारी हर साल की तरह इस साल भी जलील हुसैन हाउस पर हुई जिसमें पेश खानी खुर्शीद असरी और असर असरी बिजनौर ने पेश किया मजलिस को मौलाना सैयद वफादार हुसैन मुजफ्फरनगर में बयां करते हुए जिक्र नवी और आले नबी बयान किया रसूल इस्लाम ने दुनिया में वह अपने किरदार को पेश किया की दुनिया जिसका कोई जवाब नहीं कुरान में खुद फरमा रहा है के रसूल को हमने साड़ीदुनिया के लिए के लिए रहमत बनाकर भेजा है यह चांद यह जमीन यह सूरज यह कायनात जरा जरा कायनात का कायनात का रसूल के सदके में है खुदा फिर कुरान में फरमा रहा है नवी और आले नबी पर सलाम भेजो मैं भी दुरुद ओ सलाम भेजता हूं और तुम भी दरूदो सलाम भेजो नबी पर दुरूद पढ़ने का सबब इतना है की कायनात का कोई फरिश्ता उसे शबाब को नहीं लिख सकता नबी को और आले नबी को खुदा ने नूर से खाल किया वह इंसानी शक्ल में आए और पैगामी इलाही को सुना कर दुनिया से चले गए लोग यहीं पर गुमराह हो गए लोग कुछ लोग उनकी बराबरी करने लगे जब वह खूबी उनके अंदर नहीं आया तो नवी और आले नबी के कातिल बन बैठे यही वजह थी की कर्बला के मैदान में यजीद 124000 अंबिया की जो मेहनत थी उसको बर्बाद और खत्म करना चाहता था लेकिन नबी के नवासे हजरत इमाम में हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपने 6 माह के बेटे अली असगर भाई हजरत अब्बास बेटा अली अकबर भतीजे हजरत कासिम भांजे ऑन मोहम्मद कुबार्नी को देकर इस्लाम को कयामत तक के लिए जिंदा हो जावेद कर दिया हजरत इमाम हुसैन के शहादत के बाद उनकी बहन हजरत बीब जैनब ने भाई के साथ हुए जुल्म को पूरी दुनिया में आम कर दिया सबसे पहले मजलिस या जीत के घर में बाप किया आज पूरी कायनात में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का गम मनाया जा रहा है कायनात के हर घर से या हुसैन या हुसैन की सदा आ रही है हुसैन जिंदाबाद हुसैन जिंदाबाद मजलिस मशहूर नोहा खान खुर्शीद असरी साहब और असर असरी साहब ने नोहा पेश किया अंजुमन के सदर ने आने वाले तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# पंडालों में गाजे बाजे के साथ बिराजे विघ्नहर्ता गणेश भगवान

■ रानीपुर



पंडालों में आज से गणेशोत्सव प्रारंभ हो गया है तथा विभिन्न जगह गाजे बाजे के साथ विघ्नहर्ता गणेश भगवान की मूर्ति स्थापित की गई। श्रद्धालुओं ने गणेश भगवान की मूर्ति के आगमन पर विधि विधान के साथ आरती उतारी एवं पूजा की। तत्पश्चात पंडालों में स्थापित कराया। गणेश मूर्ति स्थापना के समय विभिन्न जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुये। 10 दिन तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में लोग श्रद्धा भक्ति भाव के साथ भगवान गजानन की आराधना करते हैं। बताया जाता है कि आज के ही दिन गणेश भगवान का जन्म हुआ था। वैसे तो भगवान गणेश की तमाम नाम है लेकिन मुख्य रूप से बाय नाम का पुराण में जिक्र मिलता है।

नगर में लगभग आधा दर्जन श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की जिसमें ओमप्रकाश सोनी, घनेंद्र सिंह तोमर, टिंकू गुप्ता सहित अन्य जगह मूर्ति स्थापित की गई। गाजे बाजे के साथ मूर्ति की अगवानी की गई तथा श्रद्धा भक्ति से भगवान विघ्नहर्ता के जयकारे लगाये।

# ग्रामोदय कालेज में प्रबंधक व चेयरपर्सन ने शिक्षकों को किया सम्मानित

■ मऊरानीपुर(झांसी)



ग्रामोदय इंटरनेशनल कॉलेज सभागार में शिक्षकदिवस पर स्कूल सभागार में प्रबंधक अरुण गुप्ता, चेयरपर्सन श्रीमती कंचनगुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्वलन किया । डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण पर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। इस मौके पर अरूण गुप्ता ने कहा जलता है वो दिए की तरह, कई जीवन रोशन कर जाता है, कुछ इसी तरह से हर गुरु, अपना फर्ज निभाता है। छात्र-छात्राओ ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों के सम्मान में कविता, गजल भी प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य विष्णु पाराशर ने बताया कि एक सच्चा शिक्षक समाज को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाता है। एक सच्चा शिक्षक अपने शिष्य को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना सिखाते हैं। स्कूल प्रबंधक द्वारा शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। जितेंद्र सोनी, नीलोफर खान, संदीप कुमार, सौरभ गुप्ता, दिवाकर खत्री, शिवम साहू, शकील, अंकित साहू, अंकुर, भारती सचदेवा , निकिता, रश्मि, शालिनी, गीतांजलि, खुशी खरे, दिव्या, कुलदीप, पुरोहित, सुरभि चतुर्वेदी, अंजली सोनी, सोनिया, अमित रजक, आशीष वर्मा, अशोक पंड्या, जेनिश, शैलेंद्र आदि अध्यापक मौजूद रहे। संचालन अनुष्का जैन, समृद्धि गुप्ता छात्राओं ने किया।

इधर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा विश्वशांति भवन गांधीगंज मऊरानीपुर सेवाकेंद्र द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में नगर के वरिष्ठ शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों का सम्मान समारोह व स्नेह मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में आए हुए सभी अतिथियों का आत्मिक स्मृति का तिलक, बैच लगाकर, मुख्यअतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशिश्रीवास विशिष्ठ अतिथि मऊदेहात प्रधान गुड्डूमिस्त्री, कार्यक्रम संयोजिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चित्राबहन मुख्यवक्ता के रुप में उपस्थित रही। निवाड़ी केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रचना दीदी सभी उपस्थित शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। शशि श्रीवास ने कहा जीवन का सच्चा परम शिक्षक एक परमात्मा शिव है, जो हम सभी को अंधकार से निकाल कर प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुड्डू प्रधान ने कहा कि 'गुरु बिन ज्ञान नहीं' गुरु वह जो हमारे अंदर से गुरुर को तोड़ सरल व्यक्तित्व से जीवन जीने का राह दिखाते हैं। सही मायने में वही सच्चा सच्चा गुरु है। उमा दीदी ने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में शिक्षकों के द्वारा व्यसन मुक्त भारत एवं युवा पीढ़ी को व्यसनो से मुक्त करने के लिए प्रेरित कर उन्हे नई दिशा दिखाने का कार्य करेंगे। गुरु वह जो ऊंचे शिखर तक पहुंचना है। चित्राबहन ने आए हुए सभी शिक्षकों का ईश्वरीय उपहार देते हुए सम्मान किया। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में हेड होते हुए हमें कोई भी हेडेक नहीं लेना है। सारी हैडेक उस सुप्रीम शिक्षक को देनी है। जगदीश मौर्य, बसंत पटेल, रवि कुशवाहा, सोनल, बबीता पांचाल, सपना ताम्रकार, उर्मिला अग्रवाल, नीरजा सैन, रमा तिवारी, दिनेश अहिरवार, मनीषनारायण अग्रवाल, भैषज कुमार, बसंत पटेल, रवि कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, महेश जगरिया, चंद्रप्रकाश, संतोष कुमार, मनीष कुमार, विमलेश सेन, प्रमोद निर्मोही, मोहम्मद रऊफ रामस्वरूप पाल, देवेंद्र कुमार, रजनीश मौर्य, लखनलाल, संतोष कुमार, ओमप्रकाश, बृषभानु सुमन, जुगलकिशोर, दीपक कुमार, स्वामी, संतोष कुमार, राघवेंद्रसिंह निरंजन, हरिदास साहू आदि शिक्षक मौजूद रहे। इसी कार्यक्रम में बीके रेखा बहन, दीक्षा, विद्या, अंजू अग्रवाल, मनोरमा, अशोक प्रजापति, ज्ञानेश कुशवाहा, द्रगपालसिंह भदोरिया (यूपीपुलिस), प्रदीप गुप्ता, सुरेश लोहिया, अशोक अहिरवार आदि मौजूद रहे। संचालन बरुआसागर केन्द्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उमा ने किया।

## एक सप्ताह से फुका पड़ा है ट्रान्सफर, अंधेरे में रहने को मजबूर है लोग

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** सिजारीखुर्द में ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से फुंका पड़ा है। ग्रामीण अँधेरे में जीने को मजबूर है। बिजली की समस्या से ग्रामीणों में त्राहि-त्राहि मची है। स्कूलों में बच्चों, पढ़ाई में अवरोध हो रहा है, चक्की नहीं चल पा रही है। जनसंख्या करीब दो हजार है। जहां पर काफी संख्या में कनेक्शनधारक भी है। 100 केबीए का ट्रांसफार्मर लोड ही नहीं ले पा रहा है। ट्रांसफार्मर आये दिन फुंकता रहता है। सरकार का आदेश हुआ था कि ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 48 घंटे के अन्दर हर हाल में बदले जाये। जिससे लोगों को कुछ उम्मीद बंधी थी, पर विभाग की लापरवाही से लोगों की उम्मीद पर पानी फिर गया। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया । जिससे लोगों में आक्रोश है । निर्भालसिंह राजपूत, ताज मुहम्मद, महमूद खान आदि ने जल्द ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की।

# गणपति बप्पा की आराधना में लीन हुये श्रद्धालु

■ टोड़ीफतेहपुर



नगर के मोहल्ला नजरगंज में बस स्टैंड पर सभासद राजा राय के सानिध्य में प्रति वर्ष की भांति गाजे बाजे के साथ विघ्नहर्ता मंगल करता गौरी पुत्र गणेश पांडाल में विराजमान हुये।

रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश की प्रतिमा फूलों एवं रंग-बिरंगी विद्युत झालरों द्वारा बढ़ी मनमोहक सजाई गई। पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।बड़ी संख्या में गणपतिबप्पा की आरती में श्रद्धालु सम्मलित हुये। गणपति बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति मोरिया के जयकारो से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। अनिल शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही।

# जर्जर विद्युत पोल कभी भी धराशायी हो सकता है

रानीपुर




बाजार में पुलिस चौकी के पास लगा विद्युत पोल जर्जर हालत में पहुंच गया है तथा वह कभी भी धराशायी हो सकता है। ज्ञानी बुक डिपो की दुकान के पास लगा यह विद्युत पोल कई महीनो से खराब है। बताया गया कि यहां लगी विद्युत पोल को नीचे से जंग ने खा लिया है। अस्थाई व्यवस्था कर विद्युत कर्मचारियों ने उसको सुधार दिया है। लेकिन वह नाम मात्र का खड़ा है। इस खंभे से तमाम संयोजन है तथा इस पर काफी भार है। नीचे से यह पूरी तरह से खराब हो चुका है तथा वह कभी भी गिर सकता है। यह विद्युत खम्भा मैन बाजार में है तथा इससे खतरे का अंदेशा है। दुकानदारों ने इस विद्युत पोल को बदलकर नया विद्युत पोल लगाने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री आवास से वंचित नही रहेगा एक भी पात्र

मऊरानीपुर(झांसी)



ग्राम खिलारा स्थित पंचायत में गांवसभा की खुली बैठक प्रधान विमलादेवी माधव मिश्रा की अध्यक्षता में, ग्रामविकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, जाफर खान के संचालन में हुई। जिसमें सचिव धमेंद्र आर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024, 25 के योजना तैयार की जा रही है ।जिसमें प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत पात्रों का चयन किया जाएगा।

बैठक में इस दौरान पंचायत सहायक संगीता पाल, सुरेन्द्र कुमार, सफाई कर्मचारी जुनैद खान, लेखराज पाल, गंगाराम अहिरवार, दशरथ कुशवाहा, भगवानदास सेन, देशराज कुशवाहा, किशन कुशवाहा, काशीराम अहिरवार, गोविंददास अहिरवार, रघुवीर अहिरवार, छब्बू अहिरवार, ओमप्रकाश अहिरवार, मुकेश कुमार, देशराज अहिरवार, झुत्तन, जगन्नाथ, छत्रपाल अहिरवार, बैजनाथ, कैलाश, कालीचरन, नारायण, मुकेश चौकीदार, बूठे अहिरवार, खेमचंद कुशवाहा, पंचमलाल अहिरवार, लघुचंद आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## करंट से महिला की मौत

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** शुक्रवार की सुबह पंखा का तार प्लग में लगाते समय एक तार हाथ में पकडे रहने से विद्युत करंट के चलते अधेड महिला की मौत हो गयी। कादिमअली मुहल्ला निवासी अंजना साहू पत्नी राजेश साहू सुबह 9 बजे घर पर अकेली थी। टेबिल फैन, पंखा का एक तार प्लग में लगा दिया। दूसरा हाथ में पकडे रहने से उसमें करंट आगया।

परिवार के लोग उसे अस्पताल लाये। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन महिला अंजना साहू को अपने गृहनिवास बुढाई, तेजपुरा ले गये। वहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## पत्नी व पिता के साथ झगड़े के आरोपियों पर कार्यवाही

**जालौन-उरई।** अलग अलग मामलों में पत्नी व पिता के साथ झगड़ा करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की हे। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा परिवारिक विवाद को लेकर अक्सर झगड़ा करता रहता। समझाने पर कुछ सुनता नहीं है। पिता ने आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह बेटे ने गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है। उधर, मोहल्ला बापू साहब निवासी नेहा ने पुलिस को बताया कि पति सुधीर अक्सर घर में विवाद करते हैं।

## सामुदायिक शौचालय में लगा ताला, लोग परेशान

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** कंचनपुरा खरकासानी ग्रामीणों को बनाये गये सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल रहा है। उसमें ताले पडे हुये है। ग्रामीण खुले में सडक किनारे शौच करने के लिये मजबूर है। पालिका पार्षद प्रेमकुमार श्रीवास ने उपजिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थनापत्र में कंचनपुरा खरकासानी में बने सामुदायिक शौचालय में ताले पडे होने से लोगबाग खुले में शौच कर रहे है। जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। शौचालय खुलवाये जाने, कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी।

## सार संक्षेप

### शाओमी इंडिया की ब्रांड एम्बेस्डर बनीं अभिनेत्री कैटरीना कैफ



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ, शाओमी इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन गयी हैं। अपने इनोवेशन के लिए मशहूर, ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने कैटरीना कैफ को अपना ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में कैटरीना कैफ शाओमी के स्मार्टफोन, टीवी, और टेबलेट्स का प्रमोशन करेंगी। शाओमी को भारत में दस साल पूरे हो रहे हैं और इस समय किया गया यह गठबंधन हर किसी तक इनोवेशन पहुँचाने की शाओमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इस गठबंधन में कैटरीना की वैश्विक अपील और आकर्षक सुंदरता सिमटी हुई है। शाओमी इंडिया ने चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनुज शर्मा ने कहा कि भारत में इनोवेशन पेश करते हुए दस साल पूरे होने के साथ शाओमी परिवार में एक बार फिर कैटरीना कैफ का स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। उनकी शिष्टता, व्यापक अपील, और हमारे दर्शकों से गहरे जुड़ाव के कारण वो हमारे अगले चैप्टर के लिए उपयुक्त एम्बेसडर हैं। शाओमी और कैटरीना, दोनों में लोगों से गहरा जुड़ाव विकसित करने की अद्वितीय क्षमता है। अपने इस गठबंधन के साथ हम मिलकर इनोवेटिव टेक्नोलॉजी हर व्यक्ति तक पहुँचाएंगे।

### एएफपीआई की कैडेट पल्लवी राजपूत भारतीय सेना में बनी लेफ्टिनेंट

**चंडीगढ़:** माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (ए.एफ.पी.आई.) फॉर गर्ल्स (मोहाली) की पूर्व कैडेट पल्लवी राजपूत की भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त हुई हैं। चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद शनिवार को पल्लवी ने पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया। इस परेड का निरीक्षण वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने किया। आर्टिलरी रेजीमेंट में कमीशन अधिकारी के रूप में नियुक्त हुई लेफ्टिनेंट पल्लवी राजपूत पठानकोट जिले के किसान रविंदर सिंह की बेटी हैं। पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि पल्लवी की सफलता पंजाब की अन्य बेटियों को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिये प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार रक्षा सेवाओं में कमीशन अधिकारी के रूप में सेवा निभाने की इच्छुक राज्य की बेटियों को हर संभव सहायता देने के लिये प्रतिबद्ध है।

### चुनावी सर्वे को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**चंडीगढ़:** हरियाणा कांग्रेस ने हिन्दी पत्रिका आउटलुक के खिलाफ चुनावी सर्वेक्षण प्रकाशित करने पर निर्वाचन आयोग से चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की है। हरियाणा कांग्रेस के शुक्रवार को यहां जारी बयान के अनुसार विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण चुनावी सर्वे प्रकाशित नहीं किये जा सकते और यह चुनाव आचार संहिता का सीधा उल्लंघन है। पार्टी ने पत्रिका के प्रकाशक, संपादक और मालिक आदि के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि पत्रिका ने सर्वे प्रकाशित कर मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में और कांग्रेस के खिलाफ प्रभावित करने की कोशिश की है।

### चिकित्सकों के जीवन में खेलकूद की अहम भूमिका : देवनानी

**अजमेर:** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि अपने पेशे में व्यस्तता के कारण तनावग्रस्त रहने वाले चिकित्सकों के जीवन में खेलकूद की अहम भूमिका है , जिसके जरिए वे 'रिलैक्स' रह सकते हैं। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डा. भीमराव अम्बेडकर सभागार में रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन की ओर से छह दिवसीय ' खेल स्पैक्ट्रम ' के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि चिकित्सक रिलैक्स रहेगा तो उसके जीवन में स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ मस्तिष्क सक्रिय रहेगा।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही फिल्मों में परोसी जा रही अश्लीलता :हेमा मालिनी

● रायगढ,



**भारतीय** जनता पार्टी की मथुरा से सांसद और ड्रीम गर्ल के तौर पर जाने जानीवाली मशहूर फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी ने आरोप लगाया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही फिल्मों में अश्लीलता परोसी जा रही है।

हेमा मालिनी ने शनिवार को यहां प्रेसवार्ता में रायगढ़ में इस आशय की बात कही। वह चक्रधर समारोह में भरतनाट्यम में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति के लिए रायगढ़ पहुंची हैं। इसके साथ ही फिल्मों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही फिल्मों में अश्लीलता परोसी जा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की प्रसंशा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 'डबल इंजन' की सरकार है। मोदी भी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध करा रहे हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में विकास दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुंदरता है अच्छे वाटर फाल है तथा नक्सल समस्या भी अब कम हो रही है। हेमा ने कहा कि विष्णु देव साय भी प्रदेश में अच्छा काम कर रहे हैं। खास तौर पर बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के विकास के लिए अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी शुरुआत नृत्य से हुई। इसी वजह से फिल्मों में भी आना हुआ और अब राजनीति में जाकर लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि बचपन से नृत्य में रुचि थी। नृत्य से फिल्मों में आई बहुत प्रसिद्धि हासिल की। फिल्मों से राजनीति में सांसद तक का सफर तय किया अभी मथुरा की सांसद हूं।



थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने गठबंधन सरकार में प्रधान मंत्री पैंटोंगटार्न शिनावात्रा और कैबिनेट मंत्रियों को शपथ दिलाई।

# चमक गई पाकिस्तान की किस्मत...

## मिला तेल और गैस का भंडार, दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिजर्व होगा

● नई दिल्ली, एजेंसी

**आर्थिक** तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान की समुद्री सीमा में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला है। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डॉन के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई है।

कुछ आंकड़ों के मुताबिक, पाकिस्तान में मिला भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं अमेरिका के सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया है।रिपोर्ट के मुताबिक, भंडार से जुड़ी रिसर्च पूरी करने में करीब 42 हजार करोड़ का खर्च आएगा। इसके बाद समुद्र की गहराई से इसे निकालने में 4-5 साल लग सकते हैं। वहीं रिसर्च सफल रही तो तेल और गैस को निकालने के लिए कुएं लगाने और बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में और ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। पाकिस्तान के सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि तेल और गैस का भंडार मिलना देश की 'ब्लू वॉटर इकोनॉमी' के लिए काफी अच्छा है। समुद्री रास्तों, नए बंदरगाहों और मैरीटाइम पॉलिसी के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना ही ब्लू इकोनॉमी कहलाता है। खनिजों के खनन में भी मिलेगी मदद ब्लू इकोनॉमी से सिर्फ तेल या गैस





का उत्पादन नहीं बल्कि समुद्र में मौजूद कई अहम खनिजों का भी खनन किया जा सकता है। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आ सकता है। डॉन ने पाकिस्तान के एक सीनियर सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि तेल और गैस भंडार की लोकेशन मिलने के बाद अब जल्द ही इस पर और रिसर्च शुरू की जाएगी। इसके लिए सभी सरकारी विभागों को सूचना दे दी गई है। वहीं पाकिस्तान के ऑयल और गेस रेगुलेटरी अथॉरिटी (डत्रक्रअ) के पूर्व सदस्य मुहम्मद आरिफ ने कहा, ऱऐसे तो 3 साल की रिसर्च के बाद यह तेल-गैल भंडार मिला है, लेकिन इस बात की कभी 100% गारंटी नहीं होती कि रिजर्व का इस्तेमाल किया जा सकेगा।आरिफ ने कहा कि अगर हमें गैस भंडार मिलता है तो आगे चलकर छढक्रका आयात नहीं करना पड़ेगा। वहीं अगर तेल भंडार मिलता है तो पाकिस्तान का तेल आयात करने का खर्च खत्म हो जाएगा। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में जिर्कोन, रूटाइल जैसे कई अहम खनिज पदार्थ मिलते हैं। इसके अलावा पहले भी रिसर्च के दौरान पाकिस्तान के समुद्री क्षेत्र में तेल और गैस की मौजूदगी के लिए जरूरी सभी शर्तें पूरी हुई थीं। हालांकि, तकनीकी मुश्किलों की वजह से यहां तेल या गैस का भंडार ढूंढा नहीं जा सका है।

# उचित समय पर किया जाएगा राज्य का दर्जा बहाल: शाह

### कहा- जम्मू-कश्मीर में शांति के बिना पाक से बातचीत का सवाल ही नहीं

● जम्मू,

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में जब तक शांति स्थायी नहीं हो जाती, तब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं हो सकती। शाह ने साथ ही यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

शाह ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने अपने घोषणापत्र में पाकिस्तान से बातचीत की वकालत की है। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जम्मू-कश्मीर में जब तक शांति स्थायी नहीं हो जाती, तब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं हो सकती। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुज्जर-बकरवाल और दलित आरक्षण पर चुनौती देते हुए कहा कि



कोई भी ताकत इस आरक्षण को छू नहीं सकती। उन्होंने एनसी-कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे।

उन्होंने कहा कि शायद राहुल बाबा और उमर मेरे पांच अगस्त, 2019 के भाषण से अनभिज्ञ हैं, जिसमें मैंने स्पष्ट किया था कि चुनाव के बाद उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। कांग्रेस के दोनों नेताओं पर तीखे हमले में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे आश्चर्य है कि वे राज्य का दर्जा कैसे वापस ला सकते हैं। क्या वे स्पष्ट कर सकते हैं? यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है जो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दे सकती है।

### खाई में गिरी पिकअप, तीन की मौत

रतलाम, 07 सितंबर (वार्ता) मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में शनिवार सुबह मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन गहरी खाई में गिर गया, जिससे तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन रावटी और धोलावड़ के बीच ग्राम खेड़ी खुर्द में घाटी पर चढ़ते समय ब्रेक फैल हो जाने के चलते रिवर्स होकर 60 फीट गहरी खाई में पलटी खा गया। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार ग्राम हलदुपाडा निवासी अजय खराडी (15), ग्राम जुलवानिया निवासी नानी बाई (50) और ग्राम हल्दुपाड़ा निवासी लीलाबाई मुनिया (50) की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हुए हैं।

### कांग्रेस को दागी पसंद हैं : अनिल विज

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची पर तंज कसते हुये कहा कि जिन लोगों पर केस चल रहे हैं, कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है, जिससे पार्टी की मानसिकता का पता लगता है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि कांग्रेस ने उन लोगों को भी टिकट दिया है, जिन पर मामला चल रहा है, कांग्रेस को जेल जाने वाले उम्मीदवार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र पवार जो जेल में है उन्हें टिकट दिया गया है। कांग्रेस और आम आदमी आर्टी के गठबंधन पर कथित रस्साकशी पर एक सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि अभी तो कश्मकश चल रही है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद आम आदमी पार्टी से कहा है कि उन्हें उम्मीदवार दे दो क्योंकि उनके पास उम्मीदवारों की कमी है।

### रिश्वत लेते रीडर दलाल सहित गिरफ्तार

**भरतपुर:** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भरतपुर जिले के भुसावर वृत्त पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय में रीडर (प्रधान आरक्षक) और उसके दलाल को एक लाख 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि धौलपुर इकाई में परिवादी ने शिकायत की कि एक मामले में मदद करने और अंतिम रिपोर्ट लगाने की एवज में रीडर हरिराम मीणा दलाल राकेश कुमार गर्ग के जरिये एक लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर ब्यूरो की धौलपुर इकाई में पुलिस उप अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित दल ने सत्यापन के बाद हरिराम मीणा और राकेश कुमार को एक लाख 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।




शनिवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में 'अपनी सेना को जानें' कार्यक्रम के दौरान असॉल्ट राइफल पर हाथ आजमाते हुए झारखंड भाजपा अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ।

# भारत जोड़ो यात्रा ने हमें हिम्मत दी: कांग्रेस

● नई दिल्ली,

**कांग्रेस** ने कन्याकुमारी से कश्मीर के श्रीनगर तक के लिए दो साल पहले आज ही के दिन शुरु हुई भारत छोड़ो यात्रा को पार्टी के इतिहास में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक लम्हा करार देते हुए कहा है कि इससे पार्टी की हिम्मत बंधी और उसके हौसले बुलंद हुए हैं।

कांग्रेस ने कहा कि ऐतिहासिक लम्हा था जिसने हमें यकीन दिलाया कि सब ठीक हो जाएगा, जिसने हमें हिम्मत दी, हमारा हौसला बना और कहा- डरो मत। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन है, जो समाज को एकजुट करने का पर्याय बन गया है। राहुल गांधी व हमारे भारत जोड़ो यात्रियों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक



पैदल जो दूरी तय की, उससे करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेमभाव, आपसी सौहार्द और बंधुत्व की अभूतपूर्व जनचेतना जागृत हुई। भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगाँठ के अवसर पर मैं देशवासियों से केवल इतनी ही अपील करता हूँ कि संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोज़गारी, सामाजिक अन्याय, संविधान के विध्वंस, सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हमारे संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखने का संकल्प और मज़बूत होना चाहिए। नफरत और विभाजन के एजेंडे को हम कामयाब नहीं होने देंगे। मोहब्बत और इंसानियत की जीत निश्चित है। कांग्रेस पार्टी थमेगी नहीं, रुकेगी नहीं। भारत माता की आवाज हमारी आवाज है। भारत जोड़ो यात्रा शुरु करने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस यात्रा को याद करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन का सौंदर्य सिखाया। जयकार करती भीड़ और नारों के बीच, मुझे शोर में शांत रहने और बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से अपना ध्यान केंद्रित करने की शक्ति का एहसास हुआ।

# सुनीता विलियम्स के बिना स्पेसक्राफ्ट धरती पर लौटा

● नई दिल्ली, एजेंसी

**स्टारलाइनर ने 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। तब इसकी गति करीब 2,735 किमी प्रति घंटा थी। यह सुबह 9 बजकर 32 मिनट पर अमेरिका में न्यू मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में लैंड हुआ।**

**एस्ट्रोनॉट** सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विलमोर को स्पेस स्टेशन ले जाने वाला स्पेस क्राफ्ट 3 महीने बाद धरती पर सुरक्षित लैंड हो गया है। 3 बड़े पैराशूट और एयरबैग की मदद से इसकी लैंडिंग हुई। नासा के मुताबिक स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार सुबह 3:30 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ था। इसको धरती पर आने में करीब 6 घंटे लगे।

स्टारलाइनर ने 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। तब इसकी गति करीब 2,735 किमी प्रति घंटा थी। यह सुबह 9 बजकर 32 मिनट पर अमेरिका में न्यू मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में लैंड हुआ। बोइंग कंपनी ने ठअरअ के लिए यह स्पेसक्राफ्ट बनाया है। 5 जून को सुनीता और बुच को इससे ऊपर पर भेजा गया था। यह सिर्फ 8 दिन का मिशन था, लेकिन इसके सुरक्षित लौटने पर कई तरह की आशंकाएं थीं। स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कतों और हीलियम गैस के रिसाव की जानकारी सामने आई थी। ठअरअ ने 24 अगस्त को बताया था कि स्टारलाइनर में सेफ्टी इश्यूज की वजह से बुच और सुनीता को इससे वापस धरती पर नहीं लाया जाएगा। स्पेसक्राफ्ट खाली ही वापस लौटेगा। जबकि सुनीता और बुच को इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाया जाएगा।मुताबिक स्टारलाइनर की वापसी और इससे जुड़े अपडेट को लेकर ठअरअ ने सुबह 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बोइंग का कोई प्रतिनिधि नहीं था। इससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि नासा और बोइंग के बीच स्टारलाइनर को लेकर विवाद है। फिलहाल नासा के मैनेजर स्टीव स्टिच



ने कहा कि स्टारलाइनर ने अच्छे तरीके से लैंडिंग की है। हमने इसे जांच के लिए भेजा है। हम जल्द ही बताएंगे कि स्पेस क्राफ्ट में किस वजह से खराबी आई। ठअरअ और बोइंग के बीच भले ही दिक्कतें चल रही हैं लेकिन दोनों मिलकर स्टारलाइनर की जांच करेंगी। ताकि पता चले कि स्टारलाइनर के प्रॉपल्शन सिस्टम में क्यों खराबी आई। किस वजह से हीलियम लीक हुई। स्टारलाइनर की सेफ लैंडिंग के बाद स्पेस स्टेशन में मौजूद सुनीता विलियम्स ने खुशी जताई। उन्होंने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा- आप लोग बेहतरीन हैं। वहीं, बोइंग की लैंडिंग कमांडर लौरेन ब्रेंकी ने सोशल मीडिया पर लिखा- स्टारलाइनर सुरक्षित घर आ गया है। इसने क्या शानदार लैंडिंग की।ठअरअ के पूर्व एस्ट्रोनॉट गैरेट रीसमैन ने उठठ से कहा कि ठअरअ का खाली स्पेस क्राफ्ट को लाने का फैसला बिल्कुल सही है। रीसमैन फिलहाल इलॉन मस्क की स्पेसएक्स से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही स्टारलाइनर सुरक्षित लैंड कर गया है मगर इसकी सेफ लैंडिंग को लेकर लेकर कोई भी निश्चिंत नहीं था।



शनिवार को हरिद्वार में विश्व तीर्थ शांतिकुंज में ज्योति कलश यात्रा के अवसर पर गायत्री परिवार के प्रमुख चिन्मय पंड्या के साथ गणेश आरती करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

## वर्ष 2 : वज्रपात- 28

# बजबजाते बोल औ' चारण : संगति बुरी असाधु की


शाहीन सबा

**गतांक से आगे-** दुर्भाग्य है कि 'वह' जानता-समझता नहीं कि कान-भराऊ काम से कोई देश महान नहीं हो सकता। यह भी कि बड़बोलेपन और लफ़्फ़ाज़ी से भी कोई देश महान नहीं होता। मुफ़्तख़ोरी से तो कदापि महान नहीं हो सकता। जबकि धूमिल के शब्दों में वर्तमान की बजबजाती हुई सतह पर इस महादेश का साम्प्रतिक सत्य यही है कि ऐसे ही, माने - कान-भराऊ, बड़बोले, लफ़्फ़ाज़ों और मुफ़्तखोरों की भरमार है। इन सारे शब्दों में विद्यमान सद्यःस्थिति के बावजूद वे 'महान' बन चले हैं, क्योंकि उनकी सुनवाई हर जगह हो रही है। और, सत्य का रन्दा प्रतीक्षारत ही रह जाता है, चल ही नहीं पाता। जानिये कि ऐसे अनगिनत लोगों की उपस्थिति से इस महादेश के भविष्य के लंगड़ाने की सम्भावनाएँ बढ़ती जा रही हैं। मैं कहता हूँ - जैसे श्रीकृष्ण शर-विद्ध होकर पड़े थे, वैसे ही यह महादेश अपनी महानता (गुरुता) की असीम सम्भावनाओं के बावजूद भविष्य में शर-विद्ध होकर पड़ा दीख पड़ता है। मुझे प्रसंगवश धूमिल स्मरण आते हैं। उन्होंने 'बेरोज़गारों के तीर्थ' कविता में लिखा है - बाजा मत बजाओ/ देश-प्रेम का तक़ाज़ा/ सिर्फ़ उनके लिए ही नहीं है जो/ अपने मिज़ाज में 'अन्धा-कूप' मना कर/ जङ्गल की मुराद पूरी करना चाहते हैं। (धूमिल समग्र-1, पृ. 269) देखिये कि कविता समाप्त हो जाती है, किन्तु जंगल की मुराद पूरी करना चाहते हैं - पंक्ति मन-मस्तिष्क पर सतत व अबाध ठक-ठक करती रह जाती है। मानो - कह रही हो, जागते रहो। किन्तु, कौन जागना चाहता है? वास्तव में, जीभ और जाँघ के चालू भूगोल (राजकमल चौधरी के लिए, यथोक्त, पृ. 64) में वे या तो (मद) मस्त हैं, या पस्त वा लस्त-पस्त हैं। किन्तु, यह क्या कम दुर्भाग्य है कि अनुर्वर जीभ और जाँघ में ही वे भारत का भविष्य खोज रहे हैं। और, उन्हें अपार विश्वास है कि वे उसी में वह सबकुछ (?) पा ही जायेंगे।

ऐसे बजबजाते वर्तमान में मुझे सभ्यता-समीक्षक कविवर मुक्तिबोध की 'अन्धेरे में' कविता की काव्य-पंक्तियाँ अनायास (और बारम्बार) स्मरण आती हैं - उदरम्भरि बन अनात्म बन गये/ भूतों की शादी में क़नात-से तन गये/ किसी व्यभिचारी के बन गये बिस्तर/ दुःखों के दाग़ों को तमग़ों-सा पहना/ अपने ही ख़यालों में दिन-रात रहना/ असंग बुद्धि व अकेले में सहना/ ज़िन्दगी निष्क्रिय बन गयी तलघर/ अब तक क्या किया/ जीवन क्या जिया!! ऊपर 'मुफ़्तखोरी' शब्द प्रयुक्त हुआ है। जानिये कि मुफ़्तखोरी (अनात्म) से कोई देश वा समाज महान तो अति दूर, वह सभ्य, संस्कारित एवम् कर्मनिष्ठ भी नहीं हो सकता। उससे किसी भी समय में समस्याएँ (अराजकता) ही उत्पन्न हो सकती हैं। यदि मुफ़्तखोरी को विधिसम्मत (शासन-मान्य) बना दिया जाये, तो क्या ही कहिये? और, क्या ही कीजियेगा? उससे उदर भरण आसक्तों की भीड़ को बढ़ावा ही मिलता है। यहाँ तक कि वह कह उठेगी - उदरभरण नोहे जाणिजे यज्ञकर्म। माने - उदर भरण भी एक प्रकार का यज्ञकर्म है। संस्कारों में अन्नप्राशन भी एक संस्कार है ही। अब और क्या ही कहियेगा? मेरे विचार में, ऐसी भीड़ भूतों की शादी में क़नात-से तन गये/ किसी व्यभिचारी के बन गये बिस्तर को ही चरितार्थ कर सकती है। साङ्गठनिकता की तात्त्विक बात करने वाले भी अपने मूल संस्कारों को परे ठेल कर, उस भीड़ को अपने हित में हाँकने के लिए उसके पीछे-पीछे खड़े हो जाते हैं। धूमिल ने 'पटकथा' में अपने समकाल का जो आकलन किया है, हमारा समकाल उससे कहाँ भिन्न (प्रगतिशील) बन पाया है? देखिए - गिरते हुए लोग हैं/ अकड़ते हुए लोग हैं/ भागते हुए लोग हैं/ पकड़ते हुए लोग हैं/ गरज़ यह कि हर तरह के लोग हैं/ एक-दूसरे से नफ़रत करते हुए वे/ इस बात पर सहमत हैं कि इस देश में/ असंख्य रोग हैं। (यथोक्त, पृ. 130) मैं पूछता हूँ, मुफ़्तखोरी और उदर भरण आसक्तों की भीड़, महारोग के सिवा और क्या हैं?

आप कहेंगे, मेरे वज्रपात बवासीर की गाँठ की तरह शब्द/ लहू उगलते हैं। (यथोक्त, पृ. 65) मैं मुक्तिबोध की कविता 'एक अन्तःकथा' में कहता हूँ - आप आधुनिक सभ्यता के वन में/ व्यक्तित्व-वृक्ष सुविधावादी हैं। सभा-संगोष्ठियों और बैठकों में शब्दों की जुगाली करना, नाना अवसरों पर अनवसर चापलूसी व धूर्तता करना आपका धर्म वा कर्म बन चुका है। ज्ञान व तत्वज्ञान जीभ और जाँघ के चालू भूगोल तक सीमित हो चुका है। पीछे, कुछ ही दिनों पूर्व एक अग्रज ने बातों ही बातों में वर्तमान बुद्धिजीवियों (वास्तव में - बुद्धिवादियों) को 'नपुंसक' संज्ञा से सुशोभित किया था। सोचिये कि ऐसा सम्बोधन क्यों किया होगा? सोचिये कि कहाँ चूक हो रही है? फिर, धूमिल स्मरण आते हैं। 'मेरे देश में' उन्होंने लिखा है - बेवजह जन्मे बच्चों की तादाद बढ़ रही है/ मेरे देश में। (यथोक्त, पृ. 388)

दो-मत नहीं कि 'सतहों पर हलचल', 'भाषण में जोश' और 'की च ड़ खामोश' हमारे समकाल का भी उतना ही सत्य है। कभी लगता है कि स्थितियों में सुधार कम, विखण्डन अधिक होता गया (वा, जा रहा) है। समरसता कम और समर की स्थिति अधिक बनती जा रही है। अपने पूर्वजों की ठोस बातों की बारीकियों को न जानने-समझने और बारीक बातों की गहराइयों में न जा पाने के कारण नित्य नवीन सङ्कट उत्पन्न होते जा रहे हैं। भारतद्रोही व विखण्डनवादी तो इस देश को खण्ड-खण्ड करने के लिए अविरत लगे ही हुए थे, किन्तु सांगठनिकता के तथाकथित ठेकेदार भी उसी दिशा में बढ़ते-से प्रतीत होने लगे हैं। और, आश्चर्य (दुर्भाग्य) यह है कि सब चुप हैं। सब मौन हैं।

अपने अग्रज के शब्दों को सुनते हुए मैं पुनः-पुनः शब्द-कर्म में व्यञ्जना का रन्दा चलाने वाले कवि धूमिल की इन पंक्तियों तक पहुँचता हूँ - हिजड़ों की एक पूरी पीढ़ी लूप और अन्धा कूप के मसले पर/ बहस कर रही है। (यथोक्त, पृ. 61) मैं देखता-सोचता हूँ कि यह सार्वकालिक सत्य बना हुआ है। देखिये कि उक्त चर्चित धर्म वा कर्म वा शैली का अंकन तुलसी-बाबा ने अपनी सौम्य शब्दावली में ही सही, किन्तु किया ही है - बिद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रतापु। और, धूमिल ने तो अनेकानेक स्थानों पर अपने समकाल और उक्त चर्चितों को अत्यन्त प्रखरता के साथ रेखांकित किया है - नहीं–अपना कोई हमदर्द/ यहाँ नहीं है। मैंने एक-एक को/ परख लिया है।/ मैंने हरेक को आवाज़ दी है/ हरेक का दरवाज़ा खटखटाया है/ मगर बेकार मैंने जिसकी पूँछ/ उठायी है उसको मादा/ पाया है।/ वे सब के सब तिजोरियों के/ दुभाषिये हैं।/ वे वकील हैं। वैज्ञानिक हैं।/ अध्यापक हैं। नेता हैं। दार्शनिक हैं।/ लेखक हैं।/ कवि हैं।/ कलाकार हैं।/ यानी कि–क़ानून की भाषा बोलता हुआ/ अपराधियों का एक संयुक्त परिवार है। (पटकथा, धूमिल समग्र-1, पृ. 136-137) अपने समकाल की सद्यःस्थिति का मूल्यांकन करने लगता हूँ, तो उन्हीं के शब्दों में लगता है कि हाँ, यह सही है कि कुर्सियाँ वही हैं/ सिर्फ़, टोपियाँ बदल गयी हैं और - सच्चे मतभेद के अभाव/ लोग उछल-उछल कर/ अपनी जगहें बदल रहे हैं/ चढ़ी हुई नदी में/ भरी हुई नाव में/ हर तरफ, विरोधी विचारों का/ दलदल है/ सतहों पर हलचल है/ नये-नये नारे हैं/ भाषण में जोश है/ पानी ही पानी है/ पर/ की च ड़/ खामोश है। (यथोक्त, पृ. 135-136)

दो-मत नहीं कि 'सतहों पर हलचल', 'भाषण में जोश' और 'की च ड़ खामोश' हमारे समकाल का भी उतना ही सत्य है। कभी लगता है कि स्थितियों में सुधार कम, विखण्डन अधिक होता गया (वा, जा रहा) है। समरसता कम और समर की स्थिति अधिक बनती जा रही है। अपने पूर्वजों की ठोस बातों की बारीकियों को न जानने-समझने और बारीक बातों की गहराइयों में न जा पाने के कारण नित्य नवीन सङ्कट उत्पन्न होते जा रहे हैं। भारतद्रोही व विखण्डनवादी तो इस देश को खण्ड-खण्ड करने के लिए अविरत लगे ही हुए थे, किन्तु सांगठनिकता के तथाकथित ठेकेदार भी उसी दिशा में बढ़ते-से प्रतीत होने लगे हैं। और, आश्चर्य (दुर्भाग्य) यह है कि सब चुप हैं। सब मौन हैं। धूमिल ने 'मौन के सिवाय क्या है' में लिखा है - मैं तुम्हें पुकारूँ, पर मेरे पास/ स्पन्दनहीन मौन के सिवा क्या है। (यथोक्त, पृ. 261) हमारे समय की वीभत्सता अति-दृश्यमान है, किन्तु कोई गान्धारी की भाँति आँखों पर ही पट्टी बाँध ले, तो क्या कीजियेगा? वास्तव में, समकाल और दीर्घ-कालदर्शी संकट यही है कि जिन्हें सचेत-सचिन्त्य रहना था, उन्होंने अपनी और अपने आसपास उपस्थित सबकी आँखों पर पट्टी बाँध ली है। और, यह इस रूप में अति-भयानक है कि इससे समाज में बकचोन्दरपन (?) शनैः-शनैः गहरे पैठता वा व्याप्त होता जा रहा है। आदर-सम्मान, अनुशासन, संस्कार, समयसूचकता, मित्रभाषिकता आदि-इत्यादि कालबाह्य मूल्य बनते जा रहे हैं। धूमिल ने 'मुनासिब कार्रवाई' कविता में लिखा है - कविता/ भाषा में/ आदमी होने की तमीज़ है। (यथोक्त, पृ. 102) दो-मत नहीं कि यह महादेश व इसका समाज पीढ़ी-दर-पीढ़ी 'तमीज़' भूलता जा रहा है। उससे न तो भावनासिक्त कलाचेता कविता की अपेक्षा की जा सकती है, न ही अकुण्ठ-आलोचना की।

इस पूरे परिवेश में एक विचित्र दृश्य देखिये - लोग बात-बात पर बम-बम होने लगते हैं। बात-बेबात बम-पीलाट होने लगता है। और, बात-बात पर देखते-न-देखते बवाल होने लगता है। फिर, कोई पूछे कि यह सब क्या हो रहा है, तो जो ही सुनता है, एक-दूसरे को देख कर बऊआने लगता है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र का साम्प्रतिक परिदृश्य है। जानिये कि लोकतन्त्र की बात करते-करते यह महादेश सम्पूर्ण लोकतन्त्र (ऐब्सलूट डिमाक्रसी) की ओर प्रयाण करने लगा है। और, भूल रहा है कि अति-लोकतान्त्रिकता और अराजकता में अधिक अन्तर नहीं होता। एक का प्रसार, दूसरे के लिए विस्तार-सूत्र होता है। सम्पूर्ण-लोकतन्त्र का काल्पनिक रूप स्वैराचार ही में फलने-फूलने लगता है। और, देखिये कि लोग उन्मुक्त भाव से स्वैराचार करने लगे हैं। सभ्य-सुसंस्कृत का चोला ओढ़े, असभ्य भाषा में बोलने-लिखने और व्यवहार करने लगे हैं। और, सत्तासीन किंकर्तव्यविमूढ़ देख-सोच रहा है कि क्या-कुछ करने से क्या-कुछ होगा? उसकी सोच में रह-रहकर जाति, पन्थ, वर्ग, लिंग, भाषा, क्षेत्र, विचारधारा आदि-इत्यादि नाच उठते हैं। 'वह' भूल रहा है कि सम्पूर्ण-लोकतन्त्र सम्पूर्ण-क्रान्ति की भाँति असफल ही होता है। सम्पूर्ण-लोकतन्त्र देश व समाज को जीर्ण-शीर्णता की ओर ही धकेलता है। यहाँ अंग्रेज़ी के दो शब्दों का सार-सन्दर्भ अत्यावश्यक प्रतीत होता है - 'ऐब्सलूट' (Absolute) और 'आब्सलीट' (Obsolete)। उच्चारण की दृष्टि से निकटवर्ती होकर भी ये शब्द दूर-दूर दो-छोरों का अर्थबोध कराते हैं। हिन्दी में 'आब्सलीट' के कोशगत अर्थ हैं - बेकार, अप्रयुक्त, जीर्ण-शीर्ण, कालविरुद्ध। और, 'ऐब्सलूट' माने - सम्पूर्ण। और, 'वह' उदार बनने का स्वप्न लिये सम्पूर्ण के चक्कर में जीर्ण-शीर्णता को आमन्त्रित करने में जुटा हुआ है। इस दयनीय स्थिति में पुनः धूमिल स्मरण आते हैं। देखिये 'भूमिगत होने से पहले' की पंक्तियाँ - कठिन रास्तों पर चलने की आदत/ डालनी चाहिए और/ वह भी रात के वक़्त/ दिन का रास्ता,/ आम रास्ता होता है दोस्तो/ जिसे नीन्द में भी तय किया जा सकता है। (यथोक्त, पृ. 260-261) काश कि 'वह' महान बनने का चिर-परिचित मन्त्र जान-समझ पाता। **(क्रमशः)**

# हरियाणा विधान सभा चुनावी दंगल में राजनीतिक दलो की नई मुसीबतें



हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच अभी बातचीत का दौर जारी है। काँग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी का इण्डिया ब्लाग के तर्ज पर गठबन्धन करने बैठको का दौर जारी है वही दुसरी तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है। विनोद कुमार सिंह,स्वतंत्र पत्रकार देश की राजधानी दिल्ली से सटे हुए पड़ोसी राज्य हरियाणा की चर्चा चहुँ दिशाओं में हो रही है। हॉलाकि हरियाणा व हरियाणवी लोक संस्कृति,चौपाल व अखाड़े व किसानों पहलवानों ' खिलाड़ियो को लेकर होती रहती है।चाहे वह किसान आन्दोलन हो कुश्ती व अन्य खेलो पदकों के जीत का जशन हो आदि।आज आप का ध्यान हरियाणा के राज्य विधानसभा चुनावी दंगल से सम्बधित दाव पेंच पर करने वाले है।जैसा कि आप सभी को मालुम है कि दो राज्यों अर्थात जम्मु कश्मीर व हरियाणा में विधान सभा के होने वाली है जम्मु- कश्मीर में धारा370के हटने के बाद10 वर्षो के बाद चुनाव हो रही है।वही हरियाणा में 5 वर्ष बाद जहाँ कुछ महीनों राज्य के मुख्य मनोहर लाल कट्टर को हटाकर सैनी को सता की कमान सौंपी गई थी।जैसा कि हमने आपसे वादा किया था आज हम हरियाणा के विधान सभा चुनाव पर चर्चा करेंगे। आप को बता दे कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच अभी बातचीत का दौर जारी है। काँग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी का इण्डिया ब्लाग के तर्ज पर गठबन्धन करने बैठको का दौर जारी है दुसरी तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है। तमाम राजनीतिक पार्टियाँ अपने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने के साथ ही अब चुनाव प्रचार पर अपना ध्यान कर रही है।राज्य के दोनो राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची तक जारी कर दी है।बीजेपी ने अपनी पहली सूची में जहाँ हरियाणा की 90 में से 67सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है तो वहीं कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में कुल32उम्मीद वारों के नामों का ऐलान किया है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच अभी बातचीत जारी है।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दोनों पार्टी में बातचीत जारी है।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में लगातार काम कर रही है।हम सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। हमारा संगठन पूरी तरह से मजबूत है।हम एक-दो दिन में उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर देंगे।इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि गठबंधन को लेकर कोई न कोई निष्कर्ष निकल जाएगा। गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस आम आदमी पार्टी( आप) के साथ भी सीट बंटवारे पर बातचीत कर रही है।हालांकि, शुक्रवार को दोनों पार्टियों के बीच सीट-बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई थी।इससे गठबंधन की संभावनाएं धूमिल होती नजर आ रही थीं। लेकिन शनिवार को आम आदमी की प्रवक्ता ने कहा है कि अभी बात चल रही है तथा अभी उम्मींद बची हुई है।हरियाणा राजनीति पर पैनी नजर रखने वालें राजनीतिक पंडितों का कहना है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ गठबंधन पर आपत्ति जताई है।जानकारी के मुताबिक हुड्डा गुट और कुछ अन्य नेता आप के साथ सीट बंटवारे के खिलाफ हैं।इन नेताओं का मानना है कि केजरीवाल की पार्टी का हरियाणा में कोई खास आधार नहीं है।वहीं, कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 32उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को गढ़ी सांपला-किलोई,पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना और राज्य इकाई के प्रमुख उदयभान को होडल सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति(सीईसी)की नयी दिल्ली में हुई बैठक के बाद उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई।इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव एवं संगठन प्रभारी के.सी.वेणुगोपाल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी)के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया और हुड्डा समेत अन्य लोग शामिल हुए।एक तरफ काँग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी का इण्डिया ब्लाग के तर्ज पर गठबन्धन करने बैठको का दौर जारी है वही दुसरी तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है। तमाम राजनीतिक पार्टियाँ अपने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने के साथ ही अब चुनाव प्रचार पर अपना ध्यान कर रही है।राज्य के दोनो राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची तक जारी कर दी है।बीजेपी ने अपनी पहली सूची में जहां हरियाणा की 90 में से 67 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है तो वहीं कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में कुल 32 उम्मीद वारों के नामों का ऐलान किया है।वही हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत दौर चल रही है,लेकिन इन सबके बीच बीजेपी और कांग्रेस के लिएअपने ही नेता मुसीबत खड़ी करते नजर आ रहे हैं।ये वो नेता है जिन्हें पार्टी ने उनकी सीट से इस बार टिकट नहीं दिया है।अब ये नेता अपनी पार्टी के खिलाफ ही विद्रोह की विगुल बजाते हुए नजर आ रहे हैं। राज्य विधानसभा चुनाव के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे है राजनीतिक दलों के लिए मुसीबत बढ़ती नजर आ रही है। राज्यों के विधान सभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों में अपने दलों की उम्मीदवारों के लिस्ट जारी करने के लिए माथा पच्ची व मैराथन बैठकों के दौर के बाद कुछ उम्मींदवारों की सुची जारी हो के बाद कई राजनेताओं नें अपना विरोध जताया है।कुछ न तो पार्टी के आला कमान के फैसले के विरोध अपनी पार्टी से इस्तीफा दे कर विरोधी दलों के खेमें में शामिल तक हो गया।ऐसा दृश्य पहले भाजपा के बाद अब कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी के खिलाफ ही चुनाव लड़ने का किया ऐलान तक कर दिया है।पार्टी के द्वारा सुची के सामने आने के बाद काँगेस पार्टी के अंदर कई नेता आलाकमान से नाराज चल रहे हैं।इस सुची में सबसे पहला नाम बहादुरगढ़ के राजेश जून का है।उन्होंने विधान सभा निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दिया है।कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद पार्टी के बड़े नेता राजेश जून ने अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।उन्होंने ऐलान किया है कि पार्टी ने उन्हें भले उम्मीदवार नहीं बनाया है लेकिन वो बहादुरगढ़ से बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।राजेश जून ने चुनाव लड़ने का ऐलान करने के बाद अपने समर्थकों के साथ एक बैठक भी की है।उन्होंने कहा मेरे साथ कांग्रेस नेतृत्व ने धोखा किया है,लेकिन मैं हार नहीं मानने वाला हूं मैं इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की तुलना दोगुने वोट लेकर विधायक चुना जाऊँगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं मुझसे वादा किया था कि वें मुझे टिकट देंगे,लेकिन ऐसा हुआ नहीं. आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने भी अपने 67 उम्मीद वारों की पहली सूची जारी की थी।पहली लिस्ट को आए अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि बीजेपी में इसे लेकर विरोध के स्वर बुलंद होने लगे थे।बीजेपी के खिलाफ बगावत करने वालों में खास तौर पर तीन बड़े नेता शामिल थे।इन नेताओं ने पार्टी के पदों से इस्तीफा भी दे दिया था. इस लिस्ट में पहले नंबर पर थे कर्णदेव कांबोज आप को बता दे कि कंबोज वर्तमान में हरियाणा में भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष थे।उन्होंने इंद्री से टिकट ना मिलने के बाद भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था।पार्टी पद से इस्तीफा देने वालों में रणजीत सिंह चौटाला और कविता जैन जैसे नेताओं नाम भी शामिल है।हरियाणा के कैबिनेट मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का भी नाम लिस्ट से गायब था।बीजेपी की पहली लिस्ट से अपना नाम गायब देखने के बाद रणजीत सिंह चौटाला ने अपने समर्थकों की एक बैठक बुलाई थी।वही काँग्रेस पार्टी के लिए एक बुरी खबर आ रही है कि हरियाणा विधान सभा चुनावी दंगल में पार्टी ने दो अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान विनेश व बजरंग को उत्तरा था। दोनो पहवानों ने आनन फानन में काग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया। बजरंग पहलवान को पार्टी में नई जिम्मेदारी सौपी वही विनेश को विधान सभा चुनावी मैदान दंगल में टिकट दे कर उतार दिया। राजनीतिक शतरंज के सह मात में चाल में दोनो पहलवान फॅसते नजर आ रहे है। सर्वविदित रहे कि दोनो पहलवान रेलवे में अपनी सेवा दे रहे है। यानि न रेलवे में दोनो नौकरी करते है। बजरंग की राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए रेलवे ने 4 सितंबर को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था।इसके बाद 6 सितंबर को दोनों पहल वानों ने रेलवे में अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उसके बाद कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।विनेश उत्तर रेलवे में खेल विभाग में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (डरऊ)के पद पर कार्यरत थी।उन्होंने रेलवे को तत्काल प्रभाव वाला इस्तीफा दिया।बजरंग रेलवे के खेल विभाग में डरऊ पद पर थे। विनेश के बाद उन्होंने भी रेलवे को तत्काल प्रभाव वाला इस्तीफा भेजा था।दोनों के इस्तीफों को रेलवे ने अभी तक स्वीकार नहीं किया है।रेलवे के अनुसार कोई कर्मचारी नौकरी में रहते हुए इस्तीफा देता है तो उसे 3 महीने का नोटिस देना पड़ता है।इसके अनुसार 3 महीने तक नोटिस में कभी कर्मचारी का मन फिर से नौकरी में आने का होता है तो वह अपना इस्तीफा वापस भी ले सकता है।अगर कोई कर्मचारी तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता है तो उसमें वापसी की गुंजाइश खत्म हो जाती है। राजनीतिक हल्कों में चर्चा बनी हुई है कि विना इस्तीफा स्वीकार हुए विनेश चुनाव लड़ पाएंगी ? .चुनाव आयोग के अनुसार सरकारी पद पर आसीन किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए पहले अपने पद से इस्तीफा देना होता है। संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र(ठडउ)लेनी होती है। इसके बिना रिटर्निंग अधिकारी किसी भी उम्मीदवार का आवेदन तक स्वीकार नहीं करते हैं।अब देखना दिलचस्प होगा कि विनेश चुनाव लड़ पाएंगी या नहीं।इस संदर्भ में अभी संदर्भ में अभी कुछ कहा नही जा सकता है। पहल वानों के लिए कही में एक नई मुसीबत बन गया है।दोनो राज्यो के विधान सभा के चुनाव भाजपा व काँग्रेस के लिए चुनाव मे जीतना प्रतिष्ठा बन गया है। दोनो पार्टी अपने अपने सहयोगीयों के साथ मिलकर चुनावी शतरंज सियासी चाल में सह-मात का खेल शुरू कर दिया है।लैकिन इसका असली चाल जनता जनार्दन के पास है,क्योकि उन्हे ही अपना प्रतिनिधि चुनना है। चुनावी दंगल में किसकी जीत होगी,किसकी हार होगी यह तो 8 अक्तुबर को मतगना के बाद ही पता चलेगा।तब तक आप को इंतजार करना होगा। **नोट - लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार है।**



## शिवाजी महाराज की प्रतिमाएँ
# सड़क से संसद तक


विवेक शुक्ला

छत्रपति शिवाजी महाराज की पिछले 26 अगस्त को पुणे में आदम कद प्रतिमा के गिरने की घटना से सारे देश में शोक और उदासी की स्थिति है। छत्रपति शिवाजी का जीवन देश को प्रेरित करता है। आपको देश के हरेक बड़े - छोटे शहरों में छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद या धड़प्रतिमाएं और प्रतीक देखने को मिल जाएंगी। वैसे तो वे कभी राजधानी दिल्ली में नहीं आए पर उनकी इधर कई भव्य और धड़ प्रतिमाएँ महत्वपूर्ण अहम स्थानों से लेकर संसद भवन में लंबे समय से स्थापित हैं। इन प्रतिमाओं के माध्यम से उनकी उपस्थिति के महसूस किया जा सकता है। छत्रपति महाराज की राजधानी के दिल इंडिया गेट के करीब स्थित महाराष्ट्र सदन और मिंटो रोड पर लगी प्रतिमाएँ वास्तव में शानदार हैं। ये भाव और गति का शानदार मिश्रण प्रस्तुत करती हैं। आप इन प्रतिमाओं को कुछ पलों के लिए अवश्य रूककर देखते हैं। जब भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस या कोई अन्य आम या खास शख्स महाराष्ट्र सदन में आता है, तब वह शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने श्रद्धा से सिर झुकाना नहीं भूलता ।

**पहली प्रतिमाः** राजधानी दिल्ली में छत्रपति शिवाजी महाराज की पहली प्रतिमा 1972 में मशहूर कनॉट प्लेस से चंद कदमों की दूरी पर मिंटो रोड पर स्थापित की गई थी। मुंबई के प्रसिद्ध मूर्तिशिल्पी सदाशिव राव साठे द्वारा बनाई गई यह अश्वारोही प्रतिमा पीढ़ियों से प्रशंसित है। छत्रपति शिवाजी महाराज का घोड़ा एक पैर पर खड़ा है। हवा में प्रतिमा तभी रहेगी जब संतुलन के लिए पूंछ को मजबूत छड़ से गाड़ दिया जाए, यह बात सदाशिव साठे जैसा सिद्धहस्त मूर्तिशिल्पी ही समझ सकता था। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के ठीक सामने भी एक शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित है। इसे भी सदाशिवराव साठे ने बनाया था। साठे ने इन दोनों मूर्तियों में बहुत सी समानता रखी है। दोनों में शिवाजी महाराज अपने घोड़े पर सवार होकर आगे बढ़ रहे हैं। राजधानी में शिवाजी महाराज की पहली मूरत की स्थापना में प्रख्यात विधिवेत्ता लक्ष्मीमल सिंघवी की भी भूमिका थी। एक बार उन्होंने कहा था कि शिवाजी महाराज महान शासक और रणनीतिकार थे जिन्होंने पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी। इसके लिए उन्होंने मुगल साम्राज्य के शासक औरंगज़ेब से संघर्ष किया। सन् 1674 में रायगढ़ में उनका राज्याभिषेक हुआ और वह ÷छत्रपति÷ बने। उन्होंने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों कि सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। मिन्टो रोड में स्थापित शिवाजी महाराज की मूर्ति के लगने से दो साल पहले हॉकी की अहम मुकाबलों की मेजबानी करने वाले हार्डिंग ग्राउंड का नाम बदलकर शिवाजी स्टेडियम कर दिया गया था, और मिंटो ब्रिज को शिवाजी ब्रिज बना दिया गया था।

**संसद में शिवाजीः** 28 अप्रैल, 2003 को संसद भवन में तांबे से बनी छत्रपति शिवाजी महाराज की 18 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित की गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने एक भव्य समारोह में एक दौड़ते हुए घोड़े पर सवार अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया था। राष्ट्रपति के अलावा, नेता प्रतिपक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और वामपंथी सांसदों और कुछ सहयोगियों ने इस अवसर पर भाग लिया था। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सहित लगभग सभी प्रतिभागियों ने केसरिया पगड़ी पहनी थी।

प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने इस प्रभावशाली प्रतिमा को बनाया। राम सुतार के बेटे और खुद एक जाने-माने मूर्तिकार, अनिल सुतार कहते हैं कि जब हम शिवाजी महाराज की प्रतिमाएँ बनाते हैं तो हमें बहुत संतुष्टि मिलती है। वे हमारे गृह राज्य महाराष्ट्र के एक महान योद्धा राजा थे। छत्रपति शिवाजी महाराज की एक और अर्ध-काया प्रतिमा, जिसे राम सुतार ने ही बनाया है, कुतुब संस्थागत क्षेत्र में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज भवन में स्थित है। पुणे में छत्रपति महाराज की मूर्ति के गिरने की घटना से आहत महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कहते हैं कि उन्होंने ( शिवाजी महाराज) समर-विद्या में अनेक नवाचार किए तथा छापामार युद्ध की नयी शैली विकसित की। उन्होंने मराठी तथा संस्कृत को राजकाज की भाषा बनाया। वे सदैव भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नायक के रूप में स्मरण किए जाएँगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज में भी छत्रपति शिवाजी महाराज की एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित है। इस कॉलेज की स्थापना 1961 में केंद्र सरकार के मंत्री पंजाब राव देशमुख के प्रयासों से हुई थी। वे महाराष्ट्र के असरदार नेता थे। 1929 में स्थापित राजधानी के पहले मराठी माध्यम के स्कूल नूतन मराठी स्कूल में भी शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा बीती आधी सदी से है।


**तिलक से नेताजी तकः** छत्रपति शिवाजी की अनेक मूरतें बनाने वाले सदाशिव साठे ने राजधानी में प्रमुख हस्तियों की कई प्रतिमाएँ बनाई हैं। तिलक ब्रिज पर उनकी 12 फीट ऊँची प्रतिमा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की है। इसे भी साठे जी ने तैयार किया था। तिलक अपने प्रेरणादायक नारे ÷स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे प्राप्त करेंगे÷ के लिए जाने जाते हैं। इसे देखकर ऐसा लगता है जैसे तिलक राजधानी पर नज़र रख रहे हों। यह प्रतिमा अविश्वसनीय रूप से जीवंत है। साठे जी ने लाल किले के ठीक सामने सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा भी बनाई थी।

सदाशिवराव साठे ने संभवत- देश की पहली गांधी की प्रतिमा को भी बनाया।सरकार ने महात्मा गांधी की हत्या के तीन साल बाद उनकी आदम कद प्रतिमा बनाने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी थी। वे तब 28 साल के थे। यह प्रतिमा चांदनी चौक के टाउन हॉल के बाहर स्थापित है। तब तक साठे ने अपने काम से कोई महत्वपूर्ण पहचान नहीं बनाई थी, लेकिन उन्होंने इस जिम्मेदारी को एक चुनौती के रूप में लिया और गांधी जी की एक असाधारण प्रतिमा बनाई। यह प्रतिमा 1952 में स्थापित की गई थी। साठे, जिनका 2022 में मुंबई में 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया, अपने काम के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा भी प्रशंसित किए गए थे। बेशक, सदाशिवराव साठे और राम सूतार ने छत्रपति शिवाजी महाराज की सबसे कालजयी मूरतें बनाई हैं। इन्हें देखकर मन में छत्रपति शिवाजी के प्रति सम्मान का भाव पैदा होने लगता है।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

## सार संक्षेप

### 900 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**लिस्बन :** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाल के रोनाल्डो ने यूईएफए नेशंस लीग मैच में क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। गोल के बाद जश्न मनाते हुए रोनाल्डो अपने हाथ चेहरे की ओर उठाए और घुटनों के बल बैठ गए। मैच में रोनाल्डो ने 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर 6 गज की दूरी से वॉली लगाकर यह ऐतिहासिक गोल किया और पुर्तगाल को 2-0 से आगे कर दिया। पुर्तगाल ने इस मुकाबले में क्रोएशिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा कि यह उपलब्धि बहुत मायने रखती है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मील का पत्थर था जिसे मैं लंबे समय से हासिल करना चाहता था। मुझे पता था कि मैं इस संख्या तक पहुंच जाऊंगा, क्योंकि जैसे-जैसे मैं खेलता रहूंगा, यह स्वाभाविक रूप से होता जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भावनात्मक था मैं और मेरे आस-पास के लोग ही जानते हैं कि हर दिन काम करना, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से फिट रहना और 900 गोल करना कितना कठिन है। यह मेरे करियर में एक अनूठा मील का पत्थर है। रोनाल्डो के निकटतम प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी 842 गोल के साथ दूसरे और ब्राजील के दिग्गज पेले 765 गोल के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

### तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष ने किया इंटरकांटिनेंटल कप का अनावरण


**हैदराबाद :** सीरिया और मॉरीशस के बीच मैच के समापन के बाद जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में इंटरकांटिनेंटल कप 2024 ट्रॉफी का अनावरण किया गया। कप का अनावरण तेलंगाना विधान सभा के अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने एक सादे समारोह में किया। भाग लेने वाली तीन टीमों के मुख्य कोच, मनोलो मार्केज (भारत), जोस मारिया लाना फर्नांडीज (सीरिया), और गिलाउम ल्यूक मौलेक (मॉरीशस) अनावरण के दौरान उपस्थित थे। ट्रॉफी के अनावरण के अवसर पर दिल्ली के विशेष प्रतिनिधि और खेल सलाहकार एपी जितेंदर रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव सेना रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ए. सोनीबाला देवी वेणुगोपाल चारी, कार्यवाहक अध्यक्ष, तेलंगाना ओलंपिक एसोसिएशन मौजूद थे। आखिरी बार शहर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की मेजबानी 2008 में एएफसी चैलेंज कप में उसी स्थान पर की गई थी।

### उत्तरी क्षेत्र को हरा कर साई शक्ति बना इंटर जोन चैंपियन

**लखनऊ :** साई शक्ति ने शनिवार को दमदार खेल की बदौलत एकतरफा मुकाबले में उत्तर जोन को 5-1 से हरा कर प्रथम हाकी इंडिया जूनियर पुरुष इंटर जोन प्रतियोगिता जीत ली है। गोमतीनगर विजयंतखंड स्थित पदमश्री मो शाहिद हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में जिरामे साई शक्ति की टीम ने 5-1 के अंतर से विजयश्री प्राप्त की जबकि तीसरे स्थान के मैच में साई बल ने ईस्ट जोन को 6-4 के अंतर से परास्त कर विजयश्री प्राप्त की। फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी उत्तर जोन के राहुल राजभर एवं तीसरे स्थान के मैच में साईं बल के राहुल को चुना गया। इस प्रतियोगिता में छः टीमों ने प्रतिभाग किया था।

### कानपुर ने नोएडा किंग्स को हराया

**लखनऊ :** समीर रिजवी (46) की उपयोगी पारी के बाद गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर कानपुर सुपरस्टार्स ने शनिवार को यूपीटी-20 लीग के एक रोमांचक मुकाबले में नोएडा किंग्स को मात्र दो रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम पर कानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 119 रन बनाए जिसके जवाब में नोएडा की टीम 117 रन ही बना सकी।




# यूएस ओपन : 18 साल बाद अमेरिकन खिलाड़ी फाइनल में

● न्यूयॉर्क,

**यूएस** ओपन 2024 के पुरुष और महिला एकल के फाइनलिस्ट तय हो गए हैं। पुरुष एकल में वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक स्निर का सामना खिताबी मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज 18 साल बाद यूएस ओपन पुरुष एकल के फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले 2006 में एंडी रॉडिक ने यह कारनामा किया था।

वहीं महिला एकल का फाइनल अमेरिका की जेसिका पेगुला और बेलारूस की अरिना सबालेंका के बीच खेला जाएगा। दोनों कैटेगरी में नया चैंपियन मिलेगा। इस चारों खिलाड़ियों ने अब तक यूएस ओपन का टाइटल नहीं जीता है। शनिवार को खेले गए महिला कैटेगरी के सेमीफाइनल में पेगुला ने चेक रिपब्लिक की करोलिना मुचोवा और सबालेंका ने अमेरिकी टेनिस स्टार एमा नवारो को हराया। पुरुष एकल का फाइनल फ्रिट्ज और सिनर के बीच खेला जाएगा। फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में अपने पुराने दोस्त और हमवतन फ्रांसिस टियाफो को 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-



1 से हराया। वहीं सिनर ने ड्रैपर को 7-5, 7-6, 6-2 से मात दी। स्पेन के कार्लोस अल्काराज दूसरे राउंड से हारकर बाहर हो गए थे। वर्ल्ड नंबर-3 अल्काराज को वर्ल्ड नंबर-

**टेलर फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में टियाफो को हराया, अब नंबर-1 स्निर से मुकाबला**

74 नंबर पर काबिज नीदरलैंड के बोटिक वान डी जैंडस्कल्प ने 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इस साल विंबलडन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। अल्काराज ने फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में उलटफेर का शिकार हुए थे। उन्हें 28वीं सीड ऑस्ट्रेलिया के अलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया थे। जोकोविच ने 2023 में रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराकर ये टूर्नामेंट जीता था। यूएस ओपन में जोकोविच 25 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले खिलाड़ी बनने का प्रयास कर रहे थे। वे 24 ग्रैंड स्लैम के साथ ऑस्ट्रेलिया की मार्गरेट कोर्ट की बराबरी पर हैं। कोर्ट ने भी 24 ग्रैंड स्लैम जीते हैं।

# सेमा ने शॉटपुट में जीता कांस्य

## होकाटो सेमा ने मुकाबले मे 14.65 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका

**पेरिस**, : भारतीय एथलीट होकाटो सेमा ने पहली बार पैरालंपिक खेलों में भाग लेते हुए पुरुषों की शॉटपुट एफ-57 के फाइनल मुकाबले में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।

नागालैंड के रहने वाले एथलीट होकाटो सेमा ने देर रात खेले गए गोला फेंक मुकाबले मे 14.65 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ पैरालंपिक में छह स्वर्ण, नौ रजत, 12 कांस्य के साथ भारत के पदकों की संख्या 27 हो गई है। इस स्पर्धा में ईरान के यासिन कोसावनी ने 15.96 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक और वहीं थिएगो पॉलिनो ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक मिला। 24 दिसंबर 1983 को जन्में होकाटो सेमा नागालैंड के किसान परिवार से आते है। वह सेना में थे और वर्ष 2002 में जम्मू कश्मीर के चौकीबल में आंतकवाद विरोधी अभियान में होकाटो सेमा ने भाग लिया। इस दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट उन्हें अपना बायां पैर गवांना पड़ा। पैर गवांने के बाद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कई चुनौतियों के बावजूद उन्होंने 2016 में पैरा एथलीट बनने की ओर रूख किया। सेमा ने एशियाई पैरा खेल 2022 (2023) कांस्य पदक, विश्व चैंपियनशिप 2024 में चौथा स्थान पर रहे और मोरक्को ग्रैंड प्रिक्स 2022 में रजत पदक जीता।




### पेरिस पैरालंपिक्स के छह पदक विजेताओं का हुआ सम्मान

**नई दिल्ली, वार्ता :** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने भारतीय पैरा-शूटिंग दल को उनकी वापसी पर शनिवार को सम्मानित किया। टीम ने पेरिस में कुल चार पदक जीते जिसमें अवनी लेखरा (स्वर्ण), मनीष नरवाल (रजत), रूबीना फ्रांसिस (कांस्य) और मोना अग्रवाल (कांस्य) शामिल थे। एथलीटों को संबोधित करते हुए मंडाविया ने खिलाड़ियों, उनके कोचों और उनके सहयोगी स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब आप खेलते हैं, तो आप न केवल अपने लिए सफलता हासिल करते हैं, बल्कि अपने कोचों, अपने माता-पिता और पूरे देश का गौरव भी बढ़ाते हैं। पेरिस रवाना होने से पहले हमारे सभी 84 पैरा-एथलीटों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। कुछ पदक लेकर लौटे, और अन्य ने बहुमूल्य अनुभव प्राप्त किया।

### मलेशियाई कोच सेंसेई उमा ने दी एडवांस कराटे की ट्रेनिंग

**लखनऊ, ब्यूरो :** उत्तर प्रदेश के कराटे खिलाड़ियों को एडवांस तकनीक, खेलने की रणनीति व कांबिनेशन के साथ विशेष बारीकियों की ट्रेनिंग विशेष प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन शनिवार को दी गई।

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मोतीनगर, लखनऊ कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में में दो दिवसीय शिविर की शुरुआत शनिवार को हो गई। इस दौरान मलेशिया से आई अंतर्राष्ट्रीय कोच सेंसेई उमा ने खिलाड़ियों को सुबह व शाम के सत्र में कड़ा अभ्यास कराया। उमा ने कहा कि यूपी के खिलाड़ी काफी प्रतिभाशाली है लेकिन तकनीक के साथ उनमे फिटनेस के लेवल पर सुधार जरुरी है। इस कैंप में वह खिलाड़ियों को खेलने की रणनीति, एडवांस कांबिनेशन, टेक डाउन तकनीक व कुमिते कांबिनेशन की ट्रेनिंग दे रही है। इससे उन्हें आने वाले टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन में काफी सहायता मिलेगी। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह ने बताया कि हम निकट भविष्य में भी दिग्गज प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए बुलवाएंगे ताकि यूपी के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए खुद को तैयार कर सके।

# ओलंपिक पदक विजेता भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार

● मोकी (चीन),

**पेरिस** ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम आज से यहां शुरु होने वाली हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने खिताब की रक्षा के लिए कमर कस चुकी है। मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर शुरू होने वाली प्रतियोगिता में भारत खिताब बचाने के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, जबकि मेजबान चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद के साथ पहुंचे हैं।

पिछले साल, भारत ने घरेलू मैदान पर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था और इसके साथ ही वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस साल भी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का दबदबा जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही शुरुआत हासिल की और इसके बाद ओलंपिक खेलों में फिर से पोडियम पर पहुंचने की जीत हासिल की। इस बार भी, हम यह टूर्नामेंट जीतकर नए सिरे से ओलंपिक चक्र शुरू करना चाहते हैं। हालांकि इस टूर्नामेंट में हमारे ओलंपिक टीम के दस सदस्य खेल



रहे हैं, हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं जो टीम में अपना प्रभाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि खेल के दृष्टिकोण से, हमारे आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं लेकिन हम ऐसा करेंगे विशेष रूप से जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ एक संरचित रक्षा खेलना चाहते हैं। विश्व रैंकिंग अंकों के मामले में यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन के खिलाफ शुरुआती मैच से करेगा।

# इंडिया-सी ने इंडिया-डी को हराया

● नई दिल्ली,

**दिलीप** ट्रॉफी के तीसरे दिन शनिवार को इंडिया-सी ने इंडिया-डी को 4 विकेट से हरा दिया। 233 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया-सी की टीम ने आर्यन जुयाल के 47 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड के 46 रन के चलते जीत दर्ज की। इंडिया-डी की तरफ से सारांश जैन ने 4 विकेट लिए।

एक अन्य मुकाबले में इंडिया-बी की टीम ने दूसरी पारी में तीसरे दिन के अंत तक 6 विकेट के नुकसान पर 150 रन बना लिए हैं। इसके साथ ही इंडिया-बी की टीम की कुल बढ़त 240 रन की हो गई है। इंडिया-बी की तरफ से ऋषभ पंत ने 61 रन की पारी खेली। जबकि इंडिया-ए के लिए खलील अहमद और आकाश दीप ने 2-2 विकेट हासिल किए। ऋषभ पंत ने हाफ सेंचुरी लगाई पहली पारी में इंडिया-बी ने इंडिया-ए को 231 रन पर ऑलआउट कर दिया था। जिसके आधार पर उन्हें 90 रन की बढ़त मिली। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया-बी की शुरूआत खराब रही। टीम के दोनों ओपनर्स



14 रन के अंदर पवेलियन लौट गए। जबकि पहली पारी के शतकवीर मुशीर खान बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज खान और ऋषभ पंत ने इंडिया-बी की पारी को संभाला। सरफराज ने 46 और ऋषभ ने 61 रन बनाए। पंत ने अपनी पारी में 9 चौके और 2 छक्के लगाए। ऋषभ पंत दूसरी पारी में

**इंडिया-ए के खिलाफ इंडिया-बी को 240 रन की बढ़त, पंत की फिफ्टी**

इंडिया-बी की ओर से अर्धशतक बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। इंडिया-बी की दूसरी पारी के 10वें ओवर में सरफराज खान ने तेज गेंदबाज आकाश दीप को 5 गेंद पर 5 चौके लगाए। सरफराज ने पहली गेंद डॉट करने के बाद दूसरी गेंद पर कट शॉट, तीसरी गेंद पर कवर ड्राइव, चौथी गेंद पर फ्लिक, पांचवीं गेंद पर स्ट्रैट ड्राइव और आखिरी गेंद पर कट शॉर्ट के साथ 5 बाउंड्री लगाई। सरफराज खान ने 46 रन की पारी खेली। इंडिया-सी के कप्तान गायकवाड और साईं सुदर्शन ने शानदार शुरूआत दी। ऋतुराज ने 46 वहीं साईं सुदर्शन ने 22 रन की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आर्यन जुयाल ने रजत पाटीदार के साथ मिलकर शानदार खेल दिखाया। आर्यन ने टीम की तरफ से 47 और रजत पाटीदार ने 44 रन की पारी खेली।

# कप्तान ओली पोप ने जड़ा शतक

## बनाए 154 रन, इंग्लैंड पहली पारी में 325 रन पर ऑलआउट, रत्नायके ने लिए 3 विकेट

● ओवल,

**इंग्लैंड** और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। शनिवार को मैच के दूसरे दिन पहले सेशन में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 325 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए ओली पोप ने 154 रन की कप्तानी पारी खेली।

इंग्लैंड ने 35 रन बनाने में आखिरी 6 विकेट गंवाए इंग्लैंड की टीम दूसरे दिन 221/3 के स्कोर से आगे खेलने उतरी, लेकिन हैरी ब्रूक (19), जेमी स्मिथ (16), क्रिस वोक्स (2) और गस एटकिंसन (5) सस्ते में पवेलियन लौट गए। हालांकि, कप्तान ओली पोप ने अपनी शतकीय पारी को आगे बढ़ाते हुए 150 रनों का आंकड़ा पार किया। उनकी इस पारी की बदौलत इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 325 रन बना सकी। इंग्लैंड ने एक समय 290 रन के स्कोर पर 4 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन टीम ने अगले 35 रन बनाने में आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। श्रीलंका के लिए मिलन रत्नायके ने 3 विकेट लिए। विश्वा फर्नांडो, लहिरु




कुमारा और कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने 2-2 विकेट हासिल किए। असिथा फर्नांडो को एक सफलता मिली। दूसरे दिन पहले सेशन में इंग्लैंड ने 104 रन के अंदर 7 विकेट गंवाए। ओली पोप की कप्तानी पारी इंग्लैंड के कप्तान ओली पोप इस सीरीज के शुरूआती दो मैचों में महज 30 रन बना सके थे। इस खराब प्रदर्शन की वजह से पोप पर काफी दबाव था, लेकिन उन्होंने तीसरे मैच में महज 102 गेंद पर अपने करियर की सातवीं सेंचुरी लगा दी। उन्होंने 156 गेंदों पर 19 चौके और 2 छक्के की मदद से 154 रन बनाए। श्रीलंका ने शुरू की अपनी पारी पहला सेशन खत्म होने तक श्रीलंका ने भी अपनी पहली पारी शुरू कर दी है। टीम ने एक ओवर के बाद बगैर नुकसान के एक रन बना लिया। पाथुम निसांका 1 और दिमुथ करुणारत्ने खाता खोले बगैर नॉटआउट लौटे। इंग्लैंड से क्रिस वोक्स ने पहला ओवर फेंका। ओली पोप ने पहले दिन 102 गेंदों पर सेंचुरी लगाई। यह श्रीलंका के खिलाफ उनका पहला शतक है। इंग्लैंड की टीम ने पहले दिन 3 विकेट खोकर 221 रन बना लिए थे। कप्तान ओली पोप 103 और हैरी ब्रूक 8 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। पोप और डकेट ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 100 गेंद पर 95 रन की साझेदारी की। डकेट के 86 रन बनाकर आउट होने के बाद जो रुट 13 रन बनाकर आउट हुए।

# चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड पाक और न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

● लंदन,

**दाहिनी** कोहनी में चोट के चलते इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के आगामी दौरों में नहीं खेलेंगे। वुड ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि पहले से परेशानी वाली कोहनी की नियमित जांच के दौरान मुझे यह जानकर झटका लगा कि मेरी दाहिनी कोहनी की हड्डी में कुछ तनाव है।

एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में मामूली कमर की चोट के बाद, मुझे और मेडिकल टीम को लगा कि यह मेरी कोहनी की जांच कराने का एक अच्छा समय है क्योंकि इसमें थोड़ी जलन थी। मैं इसे हर तेज गेंदबाज को होने वाली सामान्य चोट के बराबर रखूंगा और जिसके माध्यम से मैं खेल रहा था। उन्होने कहा कि मैं विशेष रूप से आश्चर्यचकित हूं क्योंकि मैं टेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं और मैंने अपनी गति बढ़ा रखी है। इस साल जुलाई में वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के दौरान वुड को अपनी कोहनी में बढ़ती परेशानी का अनुभव हुआ था। हालांकि, उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भाग लिया और दो विकेट लिए। इसके बाद उन्हें दूसरे और तीसरे टेस्ट से अंतिम एकादश से



आराम दिया गया। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरे टेस्ट में उनकी जगह ओली स्टोन को लिया गया और तीसरे टेस्ट में अनकैप्ड तेज गेंदबाज जोश हल ने पदार्पण किया। ईसीबी मेडिकल टीम उनके प्रबंधन और पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए वुड के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी। चोट का मतलब है कि वुड अक्टूबर में इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे और दिसंबर में न्यूजीलैंड दौरे के दौरान मैदान से बाहर रहेंगे। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि वह 2025 की शुरुआत में भारत के टेस्ट मैच दौरे और फरवरी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फिट हो जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)